


# भारतीय विरासत की संरक्षक थीं अहिल्याबाई

## अहिल्याबाई होल्कर स्पर्धा के जूनियर वर्ग में अभिषेक प्रथम, शैलवी द्वितीय व सानिया रहीं तृतीय विजेता


संगोष्ठी में बोलते भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व मुख्य अतिथि डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह।


ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं संग प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह एवं राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेई। अमृत विचार

**आयोजन**

- सीनियर वर्ग में पुष्पेंद्र प्रथम, आकांक्षा द्वितीय एवं रिया बनीं तृतीय विजेता

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती शनिवार को धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेई ने कहा कि देवी अहिल्याबाई भारत की विरासत की बहुत बड़ी संरक्षक थी। उन्हें नारी शक्ति का प्रतीक बताते हुए कहा कि जब देश की संस्कृति पर, हमारे मंदिरों एवं हमारे तीर्थ स्थलों पर हमले हो रहे थे, तब लोकमाता ने उन्हें संरक्षित करने का बीड़ा उठाया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती पर प्रत्येक भारतीयों के लिए ये अवसर प्रेरणा का है, राष्ट्र निर्माण के लिए हो रहे भगीरथ प्रयासों में अपना योगदान देने का है। देवी अहिल्याबाई होल्कर कहतीं थी कि शासन का सही अर्थ जनता की सेवा करना और उनके जीवन में सुधार लाना होता है। बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि देवी अहिल्याबाई प्रतीक हैं कि जब इच्छाशक्ति हो, दृढ़ प्रतिज्ञा हो, तो परिस्थितियां कितनी ही विपरीत क्यों न हों, परिणाम लाकर दिखाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। उस समय ऐसे महान कार्य कर जाना कि आने वाली अनेक पीढियां उसकी चर्चा करें, ये कहना तो आसान है, करना आसान नहीं था। लोकमाता अहिल्याबाई ने प्रभुसेवा और जनसेवा को कभी अलग नहीं माना। उस चुनौतीपूर्ण कालखंड में एक राज्य का नेतृत्व करना कांटों भरा ताज था लेकिन लोकमाता अहिल्याबाई ने अपने राज्य की समृद्धि को नई ऊंचाइयां दी। उनसे प्रेरणा लेकर प्रधानमंत्री मोदी भी भारत को समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति और सेना के अदम्य शौर्य की सराहना करते हुए नए भारत की उपलब्धियों पर चर्चा की। अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित ऑनलाइन प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। जूनियर वर्ग में अभिषेक कुमार यादव प्रथम, शैलवी वर्मा द्वितीय व सानिया तृतीय स्थान पर रहे, जबकि सीनियर वर्ग में पुष्पेंद्र कनौजिया प्रथम, आकांक्षा वर्मा द्वितीय एवं रिया वर्मा तृतीय स्थान पर रहे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, एससी आयोग के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, अवधेश श्रीवास्तव, हरगोविंद सिंह, राम कुमारी मौर्य, अमरीश रावत, अजीत प्रताप सिंह, शील रत्न मिहिर, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, रचना श्रीवास्तव, अंजू चंद्रा, गुरुशरण लोधी, पवन सिंह रिंकू, मनोज वर्मा, ब्रजेश रावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाई गई अहिल्याबाई की जयंती

**हैदरगढ़/मसौली, बाराबंकी :** ऑल इंडिया धनगर समाज महासंघ द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती बड़े धूमधाम से हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर नगर के लिल्हौरा वार्ड में मनाई गई। इस अवसर पर डॉ हरीराम पाल धनगर बाबादीन पाल, राजकरण अनिल धनगर जी राम तीरथ धन गर, ओमप्रकाश, समर, हरि शंकर, मोहित, अभय, अक्षय, विशाल, सुरेंद्र आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये। वहीं मसौली के आल इंडिया धमगर समाज के जिलाध्यक्ष जगदीश प्रसाद की अध्यक्षता में ग्राम बांसा के साथ ही उच्च प्राथमिक विद्यालय मूंजापुर में अनुदेशक आरती सोनी शिक्षामित्र, मो. इकबाल के नेतृत्व में अहिल्या बाई होलकर की 300 वी जयंती मनाई गई।

**एक नजर**

### घर से आभूषण, नकदी और मोबाइल चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना असन्द्रा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत सिद्धौर के मोहल्ला पश्चिम कटरा में एक घर में चोरी की वारदात सामने आई है। पीड़ित विनोद कुमार पुत्र स्वर्गीय बालकराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 मई की रात अज्ञात चोरों ने उनके घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़ दिया। पीड़ित के अनुसार चोर अलमारी में रखे सोने के आभूषण, 21,000 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन चुरा ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गुमशुदा किशोर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना कुर्सी पुलिस ने गुमशुदा किशोर को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। क्षेत्रान्तर्गत रहने वाली महिला ने अपने 16 वर्षीय पुत्र के कहीं चले जाने के सम्बन्ध में पुलिस को सूचना दी थी। सूचना के आधार पर थाना कुर्सी पर बीएनएस पंजीकृत किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा किशोर को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### पुरानी रंजिश में पीटने का लगाया आरोप

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** कोतवाली हैदरगढ़ के बेहटा गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बेहटा गांव के निवासी हरिद्वार मिश्रा ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि गांव के ही विपक्षी राम तीरथ मिश्रा, विनय मिश्र, दिवाकर मिश्रा तथा शिवम मिश्रा ने पुरानी रंजिश को लेकर उनके साथ मारपीट की है।

### फ्लावर डेकोरेटर को दबंगों ने पीटकर किया घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** वैवाहिक कार्यक्रम में फ्लावर डेकोरेशन का काम करने वाले एक किशोर की दबंगों ने पिटाई कर दी। मां की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है। कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत पालपुर गांव निवासी तारावती ने बताया कि उनका पुत्र सरवन 14 वर्ष परिवार की आजीविका कमाने के लिए शादियों में फ्लावर डेकोरेशन का काम करता है। गत 28 मई की रात वह कोतवाली क्षेत्र के ही किल्ला गांव में डेकोरेशन के लिए गया था।

### हादसे में अमेठी निवासी युवक की गयी जान

**सफदरगंज, बाराबंकी :** बाइक से घर लौट रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जिला अमेठी थाना शुकुलबाजार ग्राम पारा निवासी प्रदीप यादव 30 पुत्र श्यामसुंदर लखनऊ के एवरेडी चौराहा के पास दरियापुर स्थित एक फैक्ट्री में मशीन आपरेटर था। शुक्रवार को देर रात वह बाइक से घर लौट रहा था। सफदरगंज चौराहे के निकट अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।


निरीक्षण करते जिला आबकारी अधिकारी। अमृत विचार

### शराब की दुकानों पर आबकारी विभाग का छापा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने फतेहपुर तहसील की शराब दुकानों का निरीक्षण किया। इसमें देशी शराब दुकान अनवारी, कम्पोजिट शॉप अनवारी, देशी शराब दुकान कुर्सी और कम्पोजिट शाप कुर्सी शामिल थीं। आबकारी निरीक्षक फतेहपुर गजेन्द्र के साथ दुकान खुलते ही औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण से पहले दुकानों पर टेस्ट परचेजिंग की गई। इसमें शराब नियत दर पर ही बिकती पाई गई। गोपनीय टेस्ट परचेजिंग में भी कहीं ओवररेटिंग नहीं मिली। जांच में सभी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे चालू मिले। मदिरा पर लगे क्यूआर कोड सही पाए गए। अधिकारियों ने दुकानदारों को पीओएस मशीन से ही बिक्री करने के निर्देश दिए। साथ ही स्टॉक का रिकॉर्ड भी मशीन में दर्ज करने को कहा। स्टॉक रजिस्टर अपडेट मिला और दुकान में रखे माल का सत्यापन किया गया। दुकानों के आसपास सफाई की स्थिति खराब मिलने पर कम्पोजिट शॉप कुर्सी और कम्पोजिट शॉप अनवारी को नोटिस जारी किया गया है।

### ससुरालियों ने किया नाबालिग का अपहरण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मायके में मौजूद विवाहिता से ससुराल वाले उसका नाबालिग पुत्र छीन कर ले गए। पुलिस के सुनवाई न करने पर कोर्ट की शरण ली गई। तब जाकर दो माह पुरानी घटना की रिपोर्ट दर्ज हुई। ग्राम ढेमा निवासी निसार की पुत्री हसीना ने न्यायालय में दाखिल प्रार्थना पत्र में बताया कि 21 मार्च की दोपहर करीब 3 बजे उसके पूर्व ससुरालीजन जहूर पुत्र बुद्ध और बुद्ध पुत्र अज्ञात निवासी किट्टू की गली मंगला बिहार रामा देवी थाना चकेरी जिला कानपुर उसके मायके ढेमा मजरे दिलोना आए और उसके नाबालिग पुत्र को जबरन अपने साथ ले गए। इस दौरान उन्होंने धमकी भी दी कि अगर उसने बच्चा लेने की कोशिश की तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पीड़िता ने इस घटना की सूचना तत्काल थाना असन्द्रा में दी, लेकिन उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने 2 अप्रैल को पंजीकृत डाक के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को भी पत्र भेजा, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।



बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते आयोग के सदस्य। अमृत विचार

### गो-आश्रयों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश गो-सेवा आयोग के सदस्य रमाकान्त उपाध्याय ने शनिवार को जनपद का दौरा किया। उन्होंने विकास खंड बनीकोडर के कन्धईपुर और विकास खंड मसौली के अम्बौर में स्थित गो-आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपाध्याय ने वहां की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इसके बाद उन्होंने पद्मश्री रामसरन वर्मा के कृषि फार्म का भी दौरा किया। वर्मा द्वारा कृषि क्षेत्र में की गई प्रगति की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि सभी को उनके अनुभवों से लाभ लेना चाहिए। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अतुल कुमार अवस्थी ने जिले के गो-आश्रय स्थलों की विस्तृत जानकारी दी। उपाध्याय ने किसानों और पशुपालकों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। गो-शालाओं में पानी, हरा चारा, चोकर और दाना की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में परियोजना निदेशक, डीआरडीए, क्षेत्राधिकारी नगर, नपाप के अधिशासी अधिकारी और पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

**सार-संक्षेप**

### एक धरती, एक स्वास्थ्य थीम पर होगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस


योग करते अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आयुष मंत्रालय के निर्देश पर योग दिवस की तैयारियां शुरू हो गई हैं। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय में शनिवार को गैर सरकारी योग संस्थानों के योगाचार्यों की बैठक हुई। बैठक की शुरुआत 5 मिनट के वाई-ब्रेक योगा प्रोटोकॉल से हुई। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. वीनम यादव और जिला होम्योपैथी चिकित्साधिकारी डॉ. अर्चना श्रीवास्तव के संयुक्त आदेश पर यह बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इनमें भारतीय योग संस्थान, डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति, गायत्री शक्ति पीठ, कपिल मुनि योग केंद्र, ब्रह्माकुमारी संस्थान और पं. दीनदयाल उपाध्याय संस्थान के प्रतिनिधि शामिल थे। डॉ. वीनम ने बताया कि 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'एक धरती, एक स्वास्थ्य' थीम पर मनाया जाएगा। संचालन हर्षित मौर्य व आशुतोष ने किया। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने योग प्रोटोकॉल में भाग लिया और इसे तनाव कम करने में उपयोगी बताया।

### कृषि गोष्ठी में किसानों को दी फसल चक्र की जानकारी


किसानों को सम्मानित करते विधायक दिनेश रावत। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत शनिवार को विभिन्न विकासखंडों में कृषि गोष्ठियों का आयोजन हुआ। हैदरगढ़, त्रिवेदीगंज और सिद्धौर विकासखंड के कुल नौ गांवों में यह कार्यक्रम हुआ। डीएम द्वारा नामित तीन टीमों के कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने किसानों को प्रशिक्षण दिया। हैदरगढ़ के ग्राम चिरैया में विधायक दिनेश रावत की मौजूदगी में खरीफ कृषि निवेश मेले का आयोजन किया गया। मेले में उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अश्विनी कुमार सिंह और जिला कृषि अधिकारी राजित राम सहित लगभग 500 किसान शामिल हुए। किसानों को खरीफ अभियान के तहत कृषि निवेश, विभागीय योजनाओं और फसल विविधीकरण की जानकारी दी गई। कृषि वैज्ञानिकों ने फसल चक्र से उत्पादों की गुणवत्ता और आय बढ़ाने के तरीके बताए। किसानों को मृदा परीक्षण, संतुलित उर्वरक प्रयोग, बीज शोधन और भूमि शोधन की जानकारी दी गई। अभियान 12 जून 2025 तक चलेगा।

### जलनिकासी की समस्या लिए भटक रहा पीड़ित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** घर के सामने जलनिकासी न होने से परेशान परिवार ने कई जगहों पर शिकायत की पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मोहल्ला मख्दूमपुर के रहने वाले लालबाबू ने बताया कि उसका घर परती की जमीन पर बना है और उसके पास घरौनी होने के साथ ही सरकारी बिल भी जमा कर रहा इसके बावजूद उसके घर के ठीक बाहर बह रहे गंदे पानी के लिए कोई इंतजाम अब तक नहीं किया गया है। क्षेत्रीय सभासद लल्ला यादव से शिकायत की तो उन्होंने शिकायत निस्तारण के लिए रुपये मांगे। 28 अप्रैल को डीएम से शिकायत करने पर उन्होंने एसडीएम को कार्रवाई के लिए कहा लेकिन नतीजा नहीं निकला।

### हत्या के प्रयास में दो लोगों को 7 वर्ष का कारावास

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में 11 साल पहले दर्ज हत्या के प्रयास के एक केस में न्यायालय ने दो अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए प्रत्येक को 7 वर्ष का कारावास एवं 40-40 हजार रुपये अर्थदंड अदा करने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार घटना 24 मई 2014 की है। जब वादी राकेश कुमार निवासी अवसेरीपुर ने थाना मोहम्मदपुर खाला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि राजेश कुमार निवासी अवसेरीपुर व छुटकऊ उर्फ सुरेन्द्र कुमार निवासी बल्लोपुर ने उसे और उसके पड़ोसियों को जान से मारने की नियत से हथगोला फेंककर गंभीर चोट पहुंचाई थी। इस पर थाना मोहम्मदपुर खाला में भादवि के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचक उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर चार्जशीट दाखिल की। अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट) ने दोनों अभियुक्तों को दोषी पाते हुए प्रत्येक को 7 वर्ष कठोर कारावास व 40 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय ने दो धाराओं में इन्हे दोषमुक्त करार दिया।

### नवीन परती भूमि पर कर लिया कब्जा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील नवाबगंज के ग्राम ग्राम भूहेरा स्थित नवीन परती भूमि पर अवैध कब्जे का मामला प्रकाश में आया है। कब्जे की पुष्टि होते ही क्षेत्रीय लेखपाल की ओर से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। नवीन परती भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर की गई शिकायत के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थल पर जांच की गई। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि ग्राम सफेदाबाद निवासी रमेश चन्द्र बैशवार पुत्र रामलखन ने ग्राम भूहेरा की नवीन परती भूमि के एक भाग को ट्रैक्टर से जोत कर अपनी भूमि में मिला लिया है, जबकि उनके पास उक्त भूमि पर कोई वैध भौमिक अधिकार या विधिक अनुमति नहीं है। टीम द्वारा की गई पैमाइश में उक्त कब्जे को चिह्नित कर छोड़ा गया, इसके बावजूद 28 मई की रात को ग्राम भूहेरा निवासी सहखातेदार फूलचन्द्र, राजू यादव, रामलखन और लालबहादुर पुत्रगण बाबूलाल द्वारा शेष भूमि को भी जोतकर अपनी भूमि में शामिल कर लेने की जानकारी प्राप्त हुई। शिकायत में प्रवेश कुमार तिवारी लेखपाल क्षेत्र खसपरिया द्वारा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की गई। निर्देश मिलते ही कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### दंपति के बीच हुआ सुलह-समझौता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग कर एक दम्पति के मध्य सुलह समझौता कराया गया। निरीक्षक रत्ना कुमारी द्वारा पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी एक प्रार्थना पत्र में दोनों पक्ष के दम्पति के मध्य आपसी सहमति से सुलह-समझौता कराया गया।

### ग्राम पंचायतों के सरपंच सम्मानित

**सूरतगंज, बाराबंकीः** सूरतगंज ब्लॉक की आठ ग्राम पंचायतों में 2024 में एक भी टीबी मरीज नहीं मिला है। स्वास्थ्य विभाग ने मल्लापुर, टंडवा, रामपुर तेलयनी, ज्योली, रंजीतपुर आदि गांवों में सर्वे कराया। स्वास्थ्य विभाग ने इन पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया है। ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सभी सरपंचों को गांधीजी की प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सहायक विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार यादव ने डॉ. सुरेंद्र कुमार वर्मा, करूणाशंकर शुक्ला, सुरेश जयसवाल, संध्या वर्मा, विपिन कुमार, पुष्पा सिंह, सेवी सिंह, मालती देवी और मुकेशचंद को सम्मानित किया।

## कार्यक्रम आयोजित कर मेधावियों का हुआ सम्मान

मसौली, बाराबंकी


कार्यक्रम में सम्मानित मेधावी व क्लब के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** गोंडा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बाबा गुरुकुल एकेडमी में रोटरी प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय 'शिक्षा का सम्मान, भविष्य के नाम' रखा गया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन और सचिव डॉ. विमल बैसवार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न बोर्ड के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी गिरीश अरोड़ा ने बताया कि यूपी, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के प्रतिभाशाली छात्रों के साथ इन्स्पायर अवार्ड, एनएमएमएसई और एसजीएफआई नेशनल गेम्स में चयनित बच्चों को भी सम्मानित किया गया। सभी छात्रों को प्रमाणपत्र, हाइजीन किट, रोटरी बैग, रोटरी कप और मालाएं प्रदान की गईं। कार्यक्रम में छात्रों के अभिभावक भी मौजूद रहे। रोटरी क्लब के चार्टर मेम्बर डॉ. आर. आहुजा ने कहा कि प्रतिभा की पहचान और सही मंच मिलना जरूरी है। पूर्व अध्यक्ष और डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ. सुधीर वर्मा ने बताया कि पोलियो उन्मूलन के बाद रोटरी इंटरनेशनल का मुख्य लक्ष्य अशिक्षा का उन्मूलन और शिक्षा का प्रसार है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और खेल दोनों बच्चों के समग्र विकास के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष संजय निगम, सम्पन्न कुमार निगम, शिखा श्रीवास्तव, कुसुम जैन, जागेश अग्रवाल, हरपाल सिंह, चरनजीत कौर और गिरीश अरोड़ा सहित अन्य रोटरी सदस्य उपस्थित थे।

### मां व पत्नी पर किया चाकू से हमला

**सतरिख, बाराबंकीः** कोतवाली सतरिख क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भिटौली कला में घरेलू हिंसा का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। गांव की रहने वाली ऊषा देवी ने आरोप लगाया है कि उसका पति सुनील शराब का आदी है। शुक्रवार को नशे में धुत होकर आरोपी ने पहले ऊषा देवी व उसके बच्चों को अपशब्द कहे और जब पीड़िता ने विरोध किया, तो उसने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि सुनील ने उस पर चाकू से जानलेवा हमला भी किया, जिससे वह किसी तरह जान बचाकर भागी। ऊषा देवी की सास रामरती पत्नी सियाराम जब बीच-बचाव के लिए पहुंचीं, तो आरोपी ने उन पर भी हमला कर दिया।

**अच्छी खबर** रेल यातायात को भी बाधा से मिलेगी मुक्ति, पूर्व सांसद की मेहनत लाई रंग, 87 करोड़ रुपये से बनेगा पुल

# जनमानस की जीत, बंकी क्रॉसिंग पर बनेगा ओवरब्रिज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


बंद क्रॉसिंग और गुजरती ट्रेन के बीच से निकलते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचारः** आखिर जनमानस की जीत हुई और रेल यातायात को स्पीडब्रेकर जैसी बाधा से मुक्ति मिली। रेलवे स्टेशन के किनारे से बंकी कस्बा के लिए गई सड़क पर स्थित रेलवे क्रासिंग का दर्दनाक सफर अब अंत की ओर है। पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत की मेहनत और दो साल की कागजी रस्मों के बाद क्रासिंग पर करीब 87 करोड़ की लागत से उपरिगामी सेतु निर्माण की अनुमति रेलवे बोर्ड ने दे दी है।

बंकी क्षेत्रवासियों के लिए शनिवार का दिन गौरव और खुशी से भरा रहा। जब बंकी रेलवे क्रासिंग पर बहुप्रतीक्षित ओवरब्रिज निर्माण को आखिरकार रेलवे बोर्ड की मंजूरी मिल गई। यह स्वीकृति न केवल एक निर्माण परियोजना है, बल्कि हजारों लोगों के जीवन को राहत और सुरक्षा देने वाली सौगात है। इस पुल की मांग वर्षों से की जा रही थी।

स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और व्यापारियों को रेलवे ट्रैक पार करते वक्त हमेशा जान का जोखिम उठाना पड़ता था। न सिर्फ दिन बल्कि रात में असंख्य बार क्रासिंग बंद रहती, रोजमर्रा के यात्री हों या एंबुलेंस पर ईलाज का इंतजार करता मरीज, सभी को असहनीय पीड़ा से गुजरना पड़ रहा था। रोज़ाना की इस कठिनाई ने कई परिवारों को पीड़ा दी थी। निवर्तमान सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने इस दर्द को समझा और 2023 में ही रेलवे के प्रधान कार्यकारी निदेशक और चेयरमैन से मिलकर इस विषय पर गंभीर वार्ता की। इसके बाद रेलवे की तकनीकी टीम को बाराबंकी बुलाकर डीआरएम के साथ ओवरब्रिज की संरचना तैयार करवाई गई। उपेन्द्र रावत ने इस विषय को प्राथमिकता देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से विशेष मुलाकात की। लगातार संवाद, निरीक्षण और स्थानीय जनभावनाओं को केंद्र तक पहुँचाने की कोशिशें रंग लाई और 15 अप्रैल 2025 को रेलवे बोर्ड ने लगभग 87 करोड़ रुपये की लागत से इस ओवरब्रिज को मंजूरी दे दी।

इस परियोजना की डीपीआर अप्रैल 2024 में मंडल रेल प्रबंधक सुरेश कुमार शपरा द्वारा केंद्र को भेजी गई थी। 30 मई को पूर्व सांसद ने डीआरएम से मुलाकात कर ओवरब्रिज की स्वीकृति और आगे की कार्रवाई पर विस्तृत चर्चा की।



> बंकी रेलवे ब्रिज शुरुआत से उनकी प्राथमिकता में रहा। 2019 से लगातार प्रयास करके सारी औपचारिकताएं पूरी कराई गईं थीं। उसी का नतीजा अब सामने आया। बोर्ड का 87 करोड़ का स्वॉकृति पत्र मुझे मिल चुका है। डेंटर प्रक्रिया के बाद जल्द ही इसपर कार्य शुरू होगा। इस कार्य के लिये प्रधानमंत्री व रेल मंत्री का आभार व्यक्त करता हूं।
>
> **-उपेंद्र सिंह रावत,** पूर्व सांसद, बाराबंकी

### 102 अपराधियों की खोली गई नयी हिस्ट्रीशीट

**बाराबंकी, अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों पर कुल 102 अभ्यस्त अपराधियों की नई हिस्ट्रीशीट खोलकर निगरानी की जा रही है। आपरेशन निगरानी के क्रम में पेशेवर अपराधी, चैन स्नैचर, एनडीपीएस, गोवध, आबकारी, आर्म्स एक्ट, वाहन चोरी, अन्य चोरी, नकबजनी, हत्या, धोखाधड़ी, बलात्कार, लूट करने वाले तथा क्रियाशील अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोल कर गहन निगरानी करने के लिए समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। आदेश के क्रम में माह अप्रैल से अब तक बाराबंकी के विभिन्न थानों द्वारा एनडीपीएस के 5, गोवध के 26, चोरी, नकबजनी के 45, लूट के 14, डकैती के 2 एवं अन्य अपराध के 10, कुल 102 अभ्यस्त अपराधियों की नई हिस्ट्रीशीट खोलकर निगरानी की जा रही है। एसपी के निर्देशन में पुलिस द्वारा अपराधों में संलिप्त अभ्यस्त, सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध नई हिस्ट्रीशीट खोलकर निगरानी, गैंगेस्टर एक्ट, गुण्डा एक्ट, जिला बदर एवं अपराध से अर्जित सम्पत्ति कुर्की आदि निरोधात्मक कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है।



# पर्चा एक रुपये का लेकिन कीमत है 50 रुपये

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निरीक्षण में मरीजों-तीमारदारों ने बताया जिला अस्पताल का हाल, इमरजेंसी वार्ड में बंद मिला एसी

जानी हकीकत

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। पर्चा काउण्टर पर भीड़ देख रुके डिप्टी सीएम को मरीजों ने बताया कि ऐसी भीड़ यहां रोज लगती है। ये भी बताया कि यहां पर्चा तो मिलता है लेकिन एक रुपये में नहीं बल्कि पचास रुपये में।

इमर्जेंसी वार्ड में एसी बंद मिला। सीसीटीवी कैमरों के तार उलझकर लटक रहे थे। ऐसे में उपमुख्यमंत्री ने मुख्य चिकित्या अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को लताड़ लगाई और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

दरअसल, ये तस्वीर ऐसे समय में उपमुख्यमंत्री ने देखी, जब कार्यक्रम पहले से ही निर्धारित था। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक निर्धारित समय पर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां पहले से ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. इन्द्र सिंह मौजूद थे। डिप्टी सीएम ने पर्चा काउण्टर पर भीड़ देखी तो ठिठक गए और लाइन में लगे लोगों से पूछा कि इतनी भीड़ क्यों है। मरीज और तीमारदारों ने तपाक से जवाब दिया कि साहब! यहां रोज ही इतनी भीड़ रहती है, पर्चा काउण्टर एक जो है। तभी एक तीमारदार ने कहा कि एक पर्चे के बदले पचास रुपये देने पड़ते हैं, दवाएं पाने के लिए तो इससे भी अधिक समस्या है। ऐसे में डिप्टी सीएम ने तत्काल अतिरिक्त पर्चा काउण्टर को खोलने के निर्देश दिये। इमर्जेंसी वार्ड में उन्हें एसी बंद मिला। सीसीटीवी कैमरों के तार भी उलझे हुए थे, फायर सिलेंडरों पर एक्सपायरी डेट नहीं पड़ी थी। अस्पताल के नए भवन का मुख्य गेट बंद मिला। उन्होंने सीएमओ और सीएमएस को फटकार लगाई।

**विभागीय समीक्षा में रिक्त पदों का उठा मुद्दा :** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के साथ मिलकर समीक्षा बैठक की। जिसमें विशेषकर बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था पर चर्चा हुई। रिक्त पदों को लेकर उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही समस्या का समाधान कर लिया जाएगा ।

**दो घंटे के कार्यक्रम में रहे सुरक्षा के तगड़े बंदोबस्त :** उप मुख्यमंत्री सुबह 10 बजे हेलीकॉप्टर से जीआईसीआई ग्राउण्ड पर उतरे। गारद सलामी के बाद उन्होंने पदाधिकारियों से मुलाकात की। इसके बाद उप मुख्यमंत्री का काफिला आंख अस्पताल चौराहे पहुंचा। बाद में वे निरीक्षण के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। दो घंटे तक कार्यक्रम के दौरान कुछ स्थानों पर जाम जैसी स्थिति देखने को मिली।


जिला अस्पताल के पर्चा काउण्टर पर मरीज और तीमारदारों से संवाद करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक।

### महिला अस्पताल में लिखी जाती मिलीं बाहर की दवाएं

निरीक्षण में महिला अस्पताल में बाहर की दवाएं लिखी जाती मिली। ऐसे में डिप्टी सीएम ने सवाल किया कि जब दवाएं उपलब्ध हैं तो बाहर की क्यों लिखी जा रही हैं। अल्ट्रासाउण्ड व्यवस्था पर भी सवाल पूछे गए। जिसका उत्तर सीएमओ और सीएमएस दोनों ही न दे सके। मुख्यमंत्री द्वारा मरीजों को पोषण डलिया का वितरण किया गया।


महिला को पोषण डलिया वितरित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

## समाज के उत्थान में अहिल्याबाई का अमूल्य योगदान

**सीतापुर, अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का समाज के उत्थान में किया गया योगदान अनुकरणीय है। आमजन को प्रेरित करने वाला है। हमें प्रेरणा लेकर राष्ट्र उत्थान के निरंतर कार्य करने चाहिए। ये बातें उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नगर के आंख अस्पताल चौराहे पर स्थापित रानी अहिल्याबाई की प्रतिमा का लोकार्पण करते हुए कहीं। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के 300 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि माता अहिल्याबाई के किये गए कार्यों से समाज में रचनात्मक परिवर्तन हुए, जिससे राष्ट्र को नई दिशा और दशा मिली। निश्चित रूप से उनके किये गए कार्य आमजन को प्रेरणा देने वाले हैं। हम सबको उसी ओर मजबूती से चलते रहना होगा। उन्होंने कहा कि माता अहिल्याबाई ने सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाकर बड़ी संख्या में मंदिरों का निर्माण कराया। महिलाओं का आगे बढ़ाने का कार्य किया। हम सब उसी संदेश और प्रेरणा को घर घर तक पहुंचा रहे हैं। इस अवसर पर जनपद प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष राजेश वर्मा, कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही, नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, जिला प्रभारी भाजपा नीरज सिंह, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, विधायक रामकृष्ण भार्गव, ज्ञान तिवारी, निर्मल वर्मा, शशांक त्रिवेदी, मनीष रावत, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, पूर्व विधायक सुनील वर्मा, मुनीद्र अवस्थी सहित अन्य मौजूद थे। डिप्टी सीएम प्रतिमा अनावरण कर रहे थे, इसी दौरान कपड़े में लगी एक कील चुभ गई, ऐसे में आनन फानन में उनको प्राथमिक उपचार दिया गया। कुछ देर तकची अफरातफरी के बाद स्थितियां सामान्य हो गईं।


अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा अनावरण के दौरान मौजूद डिप्टी सीएम, जनपद के प्रभारी मंत्री सहित अन्य लोग।

## पानी टंकी गिरने के मामले में ठेकेदार पर एफआईआर

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

कार्रवाई
- विकास खण्ड पहला के चुनका गांव में गिरी थी पानी भरी टंकी
- जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत तैयार की गई थी टंकी

**अमृत विचार:** महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के विकास खंड पहला के चुनका गांव में जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई पानी टंकी गिरने के मामले में ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज हुई है। एफआईआर जल निगम ग्रामीण के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि अभियोग दर्ज कराकर विभागीय जांच भी जारी है।

जल निगम के अधिशाषी अभियंता राजीव कुमार ने बताया कि लखनऊ के भिठहरी निवासी ठेकेदार विजय कुमार पुत्र किशोरी लाल द्वारा उक्त टंकी का मानक विहीन निर्माण कराया गया था। सरकारी धनराशि का दुरुपयोग सहित अन्य बिंदुओं को रेखांकित कर महमूदाबाद कोतवाली में केस दर्ज कराया गया है। टंकी निर्माण की कार्यदाई संस्था एनसीसी लिमिटेड है। उधर सूत्रों की मानें तो एनसीसी लिमिटेड के जिम्मेदारों पर कार्रवाई न होने पर एक बार फिर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है।

## डॉक्टर का तबादला रद करने की मांग

**सांडा, सीतापुर, अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा से चिकित्यक दीपांशु शुक्ला के महोली स्थानांतरण को लेकर लोगों में रोष है। ग्रामीणों ने स्थानांतरण को निरस्त करने की मांग की है।

डॉ. दीपांशु शुक्ला का महोली सीएचसी स्थानांतरण हो गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग स्वास्थ्य केंद्र पर जमा हो गए। अस्पताल आए तीमारदार ओमकार ने बताया कि चिकित्सक का मरीजों के प्रति व्यवहार अच्छा है। किसान शिव प्रकाश सिंह का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र वैसे भी चिकित्सकों की कमीं से जूझता रहा है, ऐसे में योग्य शिक्षक का चले जाना विचारणीय है। सोहराब ने चिकित्सक के स्थानांतरण को रद करने की मांग की है।

## शासन की मंशा के अनुरूप करें कार्य

संवाददाता बिसवां, सीतापुर

**अमृत विचार:** विशेष सचिव अरुण प्रकाश ने बिसवां ब्लॉक के सभागार में बैठक की। बैठक के तत्काल बाद बिसवां ब्लाक की आधा दर्जन ग्राम पंचायतों का दौरा किया। उन्होंने निर्देश दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें।

उन्होंने ग्राम पंचायत भगवानपुर माफी में कौशल विकास केंद्र का निरीक्षण कर मजदूरों से बातचीत की। पंचायत भवन में वाई-फाई कनेक्टिविटी को देखा। वहीं, जन सुविधा केंद्र में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में दो बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न हुआ। साथ ही दो महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम में विशेष सचिव ने हिस्सा लिया। कामापुर ग्रामसभा में कराये गये विकास कार्यों का निरीक्षण किया। भुडकुण्डी पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पानी की पाइपलाइन का जायजा लिया गया तो महमूदपुर ग्राम सभा में बने एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (कूड़ा घर) व पंचायत भवन की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान डीपीआरओ, डीडीओ, उपजिलाधिकारी मनीष कुमार, खंड विकास अधिकारी सुमित आदि थे।


निरीक्षण कर जानकारी लेते विशेष सचिव अरुण प्रकाश। अमृत विचार

निर्देश
- विशेष सचिव ने बिसवां की ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण

## घर में आग लगने से लाखों की क्षति

**मानपुर, सीतापुर, अमृत विचार:** मानपुर इलाके के कैमाहरा गांव में शार्ट सर्किट से घर की ग्रहस्थी चपेट में आ गई। आग की लपटों में एक लाख से अधिक के नुकसान होने का दावा किया गया है।


जला सामान।

कैमाहरा के शाहिद के अनुसार, रात करीब 2 बजे अचानक बिजली के तार में चिंगारी उठने लगीं। इसी के बाद तारों में आग लग गई। जब तक परिवारीजन समझ पाते, आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की चपेट में आकर सोफा, मेज, कुर्सियां और खाद्य सामग्री आ गई। गृहस्वामी ने एक लाख से अधिक सामान जल जाने की बात बताई है।

## घर से नकदी समेत 2 लाख का माल चोरी

संवाददाता सदरपुर, सीतापुर,

**अमृत विचार:** सदरपुर थाना इलाके के ठकुरनपुरवा मजरे बकहुवां में शुक्रवार की रात एक घर में हुई चोरी की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है।

इसी गांव निवासी संजय सिंह की पत्नी पम्मी सिंह के मुताबिक, देर रात चोर उसके मकान के पिछले दरवाजे से घर के अंदर दाखिल हो गए और कमरे का दरवाजा खोलकर उसमें रखे बक्से का ताला तोड़ दिया। चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण और 10 हजार रुपये की नकदी सहित करीब दो लाख की संपत्ति समेट ले गए। पम्मी सिंह ने थाने में सूचना दी है। थाना प्रभारी मुकुल वर्मा ने बताया है कि जानकारी मिली है मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**मरौचा में एक रात में दो घरों में चोरी : रामपुर मथुरा।** मरौचा गांव में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। पुष्पा चौहान के घर से चोरों ने लाखों की चोरी की। इसी रात चोरों ने ओमशंकर केवट के घर से भी लाखों का सामान चुरा लिया। दोनों पीड़ितों ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। थाना प्रभारी कृष्णा नन्दन तिवारी ने बताया कि चोरी की घटना का जल्द खुलासा कर लिया जाएगा।

## लूट के माल के साथ शातिर गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** महमूदाबाद पुलिस ने लूट व चोरी की घटनाओं में वांछित एक अंतरजनपदीय शातिर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से लूटी गई एक अंगूठी, चोरी की बाइक तथा असलहे बरामद हुए हैं।

सीओ वेदप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि कलाम उर्फ चिपटा को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 12 मई को उसने अपने लखनऊ निवासी साथी के साथ शादीपुर गांव के सामने नहर पर एक व्यक्ति से अंगूठी, मोबाइल फोन व मोटरसाइकिल की चाभी छीनी थी। बरामद बाइक छह माह पूर्व बंथरा से चोरी की गई थी। आरोपी पर लूट, चोरी, नकबजनी जैसे करीब एक दर्जन मामले लखनऊ, बाराबंकी व सीतापुर में दर्ज हैं।

## दुर्घटनाओं में नवजात समेत दो लोगों की मौत

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार :** बाइक सवार नवजात सहित तीन लोग हादसे का शिकार हो गए। सड़क दुर्घटना में नवजात बच्ची की मौत हो गई। वहीं उसके पिता सहित दो लोग घायल हुए हैं। हादसा महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गड़रियनपुरवा गांव के नजदीक हुआ। उधर, दूसरी घटना में पिकअप की टक्कर से छात्रा की मौत हो गयी।

महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र का मलुहीपुरवा निवासी एहसान अपनी दो दिन की नवजात पुत्री को सास साजिदा के साथ लेकर जा रहा था। बाइक सवार गड़रियापुरवा के नजदीक पहुंचे। तभी सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। नवजात नानी साजिदा की गोद से छिटककर सड़क पर जा गिरी और मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं सास साजिदा और दामाद एहसाल भी जख्मी हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, दूसरी घटना सदरपुर थाना क्षेत्र के सुरखुपुर पुरवा में हुई। कमलेश की 15 वर्षीया पुत्री शिल्पा स्कूल जाने के लिए पैदल निकली थी। पर्वतपुर चौराहे पर एक पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। कुछ ही देर बाद छात्रा ने दम तोड़ दिया।

आस्था

विभिन्न स्थानों पर सुंदर कांड और हनुमान चालीसा का किया गया पाठ, भंडारों में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

## ज्येष्ठ माह के शनिवार को हनुमान मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

अमृत विचार टीम, सीतापुर

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के शनिवार को हनुमान मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। शहर से लेकर गांवों तक के मंदिरों में पूजा-पाठ, सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के पाठ के साथ भंडारों का आयोजन किया गया। भक्तों ने व्रत रखकर आराधना की।

शनिवार सुबह से ही लालबाग, बसअड्डा चौराहा, चुंगी चौराहा और प्रेमनगर स्थित हनुमान मंदिरों में श्रद्धालु जुटने लगे। मंदिरों में फूल-माला, सिंदूर, तेल और लड्डुओं का विशेष पूजन हुआ। इन स्थानों पर सुंदरकांड के पाठ हुए और प्रसाद वितरण किया गया। शरबत व जलपान की भी व्यवस्था समाजसेवियों द्वारा की गई। लालबाग के श्री हनुमत मंदिर में सुबह से लेकर देर शाम तक भक्ति कार्यक्रम चलते रहे। बसअड्डा चौराहा स्थित बजरंग मंदिर में महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। चुंगी चौराहा पर मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड का सामूहिक पाठ हुआ। प्रेमनगर में भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। महमूदाबाद, सिधौली, मिश्रिख, बिसवां समेत अन्य इलाकों में भंडारे के आयोजन हुए।

**लहरपुर में भी भक्ति का उत्सव :** नबीनगर में राकेश पांडे उर्फ दीपू द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। अंबरसराय में ब्राह्मण समाज और ठठेरी टोला में भंडारे की व्यवस्था की।

**रामपुर मथुरा में भी लगा भंडारा:** थानगांव मार्ग स्थित प्रेस्टीसाइड संचालक दुर्गेश पोरवाल द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर अवधेश गुप्ता प्रधान, रवि, सतीश, सुरेश बिल्डर आदि थे।


लहरपुर मे भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार


नगर स्थित मुख्य मार्ग पर आयोजित भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु। अमृत विचार

## तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**सीतापुर, अमृत विचार :** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास हुआ। अदालत ने जुर्माना भी लगाया है।

मामला कोतवाली सिधौली में दर्ज अभियोग से जुड़ा हुआ है। अभियोग में आईपीसी की धारा 147 (दंगा), 148 (घातक हथियार से दंगा), 323 (चोट पहुंचाना), 302 (हत्या) लगी थी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्या 02 में अभियोग चल था। न्यायालय ने रोहित पुत्र परशुराम, उमाशंकर पुत्र परशुराम और सियाराम उर्फ अल्लू पुत्र कढ़िले निवासीगण थाना सिधौली को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, साथ ही प्रत्येक पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड दिया।

## सार-संक्षेप

### एसपी ने परेड की सलामी ली, किया निरीक्षण

**सीतापुर, अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया, पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी ली एवं पूरी परेड का निरीक्षण किया। परेड के बाद एसपी ने क्वार्टर गार्द, आर्मरी, स्टोर, कैन्टीन, परिवहन शाखा, यातायात कार्यालय, यूपी 112 पीआरवी, मेस, बैरक, आवासीय परिसर आदि सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। बाद में आदेश कक्ष में आयोजित अर्दली रूम में संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों का भी अवलोकन किया। बैरकों की सुविधाओं, साफ-सफाई और व्यवस्थापन को लेकर भी व्यापक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन्स अमन सिंह एवं प्रतिसार निरीक्षक शिवबालक वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

### किसानों को मिली वैज्ञानिक तकनीकी की जानकारी

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** हरगांव चीनी मिल परिक्षेत्र में पेड़ी गन्ना के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं गन्ना फसल की सुरक्षा को लेकर किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाया गया। अभियान चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष एके दीक्षित के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस क्रम में ग्राम कलनापुर में पेड़ी गन्ना प्रबंधन एवं गन्ना फसल सुरक्षा विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता ग्राम प्रधान विजय कुमार सिंह ने की, संचालन गन्ना प्रबंधक नरेंद्र कुमार शर्मा द्वारा किया गया। गोष्ठी में हरगांव चीनी मिल के गन्ना विकास सलाहकार डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता ने किसानों को जानकारी दी। गोष्ठी में प्रमुख रूप से किसान सुनील सिंह, दीपक सिंह, सुमित तिवारी, सचिन सिंह, अवध राम एवं ग्राम प्रधान रविंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन योजना के लिए करें आवेदन

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राज कुमार ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत योग्य दिव्यांग दंपतियों को 15,000 से 35,000 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। योजना के तहत दिव्यांग को 15 हजार रुपये मिलेंगे। यदि युवती दिव्यांग हो तो 20 हजार रुपये और यदि दोनों पति-पत्नी दिव्यांग हों तो 35 हजार रुपये मिलेंगे। कम से कम 40% दिव्यांगता अनिवार्य है। इच्छुक दिव्यांग योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए Divyangjan.upsdc.gov.in वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### खेत तालाब योजना में किसानों को मिलेगा अनुदान

**सीतापुर, अमृत विचार :** खेत तालाब योजना में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 50 खेत तालाबों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस योजना में 30 सामान्य प्रकार के खेत तालाब तथा 20 पूर्व में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित लाभार्थी कृषकों के खेत तालाब शामिल हैं। सामान्य प्रकार के तालाबों में से 29 सामान्य वर्ग एवं एक अनुसूचित जाति हेतु निर्धारित हैं, जबकि पूर्व में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली वाले तालाबों में 19 सामान्य वर्ग और एक अनुसूचित जाति को लक्षित किया गया है। जो किसान इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे 2 जून को अपराह्न 12:00 बजे से www.agridarshan.up.gov.in पोर्टल पर जाकर खेत तालाब हेतु बुकिंग लिंक पर क्लिक कर बुकिंग/टोकन जनरेट कर सकते हैं।

### थाने के करीब घर से समेटा नकदी और सामान

**इमलिया सुल्तानपुर/सीतापुर, अमृत विचार :** थाने से कुछ ही दूरी पर चोरों ने एक घर को अपना निशाना बनाया। दस हजार की नकदी समेत गृहस्थी का सामान समेटकर शातिर फरार हो लिये। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के फर्रकपुर चौराहे के समीप गृहस्वामी बाबू और अवधेश का घर है। बाबू के अनुसार, रात के किसी पहर चोरों ने धावा बोला। कच्ची दीवार की ईंटें निकली चोर अंदर घुस आए, सोते हुए परिवारीजनों की उपस्थिति में चोर घर में रखी दस हजार की नकदी, दोनों भाइयों के परिवार के जेवरात और अन्य सामान समेटकर फरार हो गए। तड़के जब गृहस्वामी और परिवार की आंख खुली तो सामान बिखरा हुआ। खोजबीन करते हुए ग्रामीण घर के पीछे पहुंचे तो देखा कि खेत में एक खाली बक्सा पड़ा हुआ है। इसी के बाद ग्रामीणों ने वारदात से पुलिस को अवगत कराया। चौराहे के समीप हुई घटना की जानकारी पाकर पुलिस ने मौका मुआएना किया और परिजनों के बयान दर्ज किये।

### मिश्रिख के बड़े हनुमान मंदिर पर हुआ सुंदर कांड का पाठ


सुंदर काण्ड पाठ के दौरान उपस्थित श्रद्धालु। अमृत विचार

**मिश्रिख, सीतापुर, अमृत विचार :** नगर के प्रमुख बड़े हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ और भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही अस्पताल चौराहे पर सीएचसी मिश्रिख के तत्वावधान में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। पाठ पूर्ण होने के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें पूरी-सब्जी, छोला-चावल, कढ़ी-चावल तथा बूंदी का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। तहसील चौराहे पर शिवम पाल व आलोक द्वारा छोले-चावल, कढ़ी-चावल का वितरण किया गया। वहीं हरिशंकर तिवारी द्वारा श्रद्धालुओं के लिए शरबत का वितरण किया गया।

### लोकतंत्र की रीढ़ है पत्रकारिता : कुमार चंद्र


समाजसेवी कमरुन्निशां को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** हिंदी पत्रकारिता दिवस एवं कैलाश बिहारी मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर स्मृतिशेष समाजसेवी शशि गौरव श्रीवास्तव एवं फार्मासिस्ट क्षितिज कठेरिया की स्मृति में पत्रकार सम्मान व नागरिक अभिनंदन समारोह तथा पत्रकारिता कल, आज और कल विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित हुई। मुख्य वक्ता के रूप में एसडीएम (न्यायिक) बिसवां कुमार चंद्र बाबू रहे। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार बिसवां उमा शंकर त्रिपाठी थे। एसडीएम कुमार चंद्र बाबू ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र की रीढ़ है। तहसीलदार उमा शंकर त्रिपाठी ने कहा कि निष्पक्ष पत्रकारिता ही समाज का दर्पण है। शमीम कौसर सिद्दीकी ने कहा कि वर्तमान दौर में पत्रकारिता को मूल्यों की ओर लौटने की जरूरत है। डॉ. ब्रज बिहारी ने कहा कि पत्रकारिता का भविष्य डिजिटल माध्यमों के साथ और भी सशक्त हो रहा है। पदम कांत शर्मा कि हमें पत्रकारिता की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी निभाने की भी जरूरत है। अतिथियों का माल्यार्पण व स्वागत एडवोकेट प्रमोद यादव, जितेंद्र मिश्रा, रवि गौरव श्रीवास्तव, नय्यर शकेब, जीशान खां, डॉ. लतीफ अहमद, मो. साद, शिवम कठेरिया, आरूश मनु राय, अमन खां आदि द्वारा किया गया। सम्मान समारोह में शमीम कौसर सिद्दीकी, पदम कांत शर्मा प्रभात, पीयूष बाजपेयी, हरीशंकर गुप्ता, बिलाल खान, कमरुन निशा आदि सम्मानित किये गए।

### किसान जैविक-वैज्ञानिक पद्धति अपनाएं: डॉ. रविंद्र कुमार

**सीतापुर, अमृत विचार :** भारत सरकार के विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि क्षेत्र में जागरूकता, नवाचार एवं किसान सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए कृषक गोष्ठियों एवं कृषि जागरूकता अभियानों का आयोजन लहरपुर व सीतापुर तहसील के गुलरीपुरवा, मुलाहीमपुर, मेहंदीपुर, सोनसरी, सोमालिया, मुगलपुर, सुमाली, भवानीपुर, सुल्तानपुर गांवों में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय मत्स्य अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो लखनऊ से आए प्रधान वैज्ञानिक डॉ. रविंद्र कुमार ने कहा कि किसान अगर जैविक और नवीनतम वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाएं तो उत्पादन व आमदनी दोनों में वृद्धि संभव है। डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि मृदा परीक्षण व विविध फसल प्रणाली से खेती टिकाऊ और लाभकारी हो सकती है। इस अवसर पर डॉ. आनंद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, डॉ. शिशिर कांत सिंह, सचिन प्रताप तोमर, वैज्ञानिक डॉ. मुरली एस ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लाभ, फसल विविधिकरण एवं मृदा स्वास्थ्य, मत्स्य पालन की उन्नत तकनीक, एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) आदि की जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, कृषि रक्षा अधिकारी, एफपीओ निदेशक व सदस्य, प्रगतिशील किसान, कृषि सखी, एवं ग्राम प्रधानों सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

# नशामुक्ति के संकल्प के साथ गायत्री परिवार ने निकाली रैली

## मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया

संवाददाता, अमेठी


उपजिलाधिकारी अमेठी को ज्ञापन देते गायत्री परिवार के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर गायत्री परिवार अमेठी की ओर से विशाल नशा मुक्ति रैली निकाली गई। अमेठी को नशा मुक्त करने के लिए गायत्री परिवार अमेठी ने मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए ज्ञापन उप जिलाधिकारी को दिया। रैली में गायत्री परिवार अमेठी के साथ सरस्वती विद्या मंदिर अमेठी एवं शिव प्रताप इंटर कॉलेज के बच्चों एवं शिक्षकों के साथ आम जनमानस की भी बड़ी भूमिका रही ।

शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर भी पर भी विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गायत्री परिवार अमेठी ने नशा मुक्ति रैली निकालकर जन-जन को नशे के जहर से बचने का संदेश दिया । नशा मुक्ति रैली गायत्री शक्तिपीठ अमेठी से शुरू होकर अमेठी बस स्टॉप , पोस्ट ऑफिस होते हुए गांधी चौक पहुंची । गांधी चौक पर रैली में शामिल युवाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर अमेठी को नशा मुक्त करने की शपथ ली। गांधी चौक से निकलकर अमेठी कोतवाली तिराहा होते हुए अमेठी तहसील परिसर पहुंची। तहसील परिसर में मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी अमेठी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अमेठी में नशा मुक्त भारत अभियान को गति देने हेतु अमेठी में नशीले पदार्थों की बिक्री और उपभोग के कारण समाज में उत्पन्न हो रही गंभीर समस्याओं की चर्चा की गई है। भारत सरकार के आगामी वर्ष 2047 तक भारत को नशा मुक्त बनाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार और अखिल विश्व गायत्री परिवार के मध्य एक करार भी हुआ है गायत्री परिवार बीते समय अमेठी के खैरौना में हुए 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में भी नशा मुक्ति का संकल्प कराया था। गायत्री परिवार अमेठी के जिला संयोजक डॉ त्रिवेणी सिंह ने कहा कि गायत्री परिवार प्रशासन के साथ नशे के खिलाफ अभियान में हर तरह का सहयोग करने के लिए संकल्पित है । इस मौके पर गायत्री परिवार अमेठी के राधेश्याम तिवारी , अरविंद सिंह, रमेश सिंह,युवा प्रखर द्विवेदी, शिव प्रताप इंटर कॉलेज के प्राचार्य नवल किशोर सिंह, सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य अरविंद कुमार पाण्डेय,प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रताप मिश्रा, सेवानिवृत सूबेदार बीपी मिश्रा, भेंटुआ ब्लॉक के युवा समन्वयक डॉ धर्मेंद्र कुमार तिवारी, अखिलेश पाण्डेय, घनश्याम वर्मा,प्रदीप तिवारी के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्त अमेठी को करने के लिए संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। संगोष्ठी में शिव प्रताप इंटर कॉलेज की छात्रा रिया शुक्ला एवं विद्या मंदिर अमेठी के छात्र प्रणव मिश्रा ने अपना उद्बोधन दिया। संगोष्ठी में प्रधानाचार्य नवल किशोर सिंह, सूबेदार बीपी मिश्रा ,अरविंद पांडेय के साथ विशिष्ट जनों को सम्मानित भी किया गया।

# आरक्षित भूमि पर ही बस अड्डा बनवाने की मांग



शुकुल बाजार में नोडल अधिकारी को मांग पत्र सौंपते माधव बाजपेई ।

**संवाददाता, शुकुल बाज़ार अमेठी,अमृत विचार।** सचिव उत्तर प्रदेश सरकार एवं नोडल अधिकारी नेहा जैन द्वारा आकांक्षी ब्लाक बाजार शुकुल का निरीक्षण किया गया। नोडल अधिकारी ने गौआश्रय स्थल, महोना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन,कम्पोजिट विद्यालय महोना का निरीक्षणोपरान्त आकांक्षी ब्लाक बाजार शुकुल में अभिलेखों के निरीक्षण सहित ब्लाक परिसर में स्थित राजकीय कृषि रक्षा इकाई, एवं तत्पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लैबरुम, एक्स-रे रुम,टीबी कक्ष,लेबर रूम आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इसी बीच स्थानीय बुद्धिजीवियों एवं समाज सेवी माधव बाजपेई द्वारा नोडल अधिकारी को एक पत्र दिया गया जिसमें ब्लाक बाजार शुकुल से जिला मुख्यालय तक परिवहन सेवा संचालित कराने एवं बस अड्डा हेतु आरक्षित भूमि पर बस अड्डा बनवाये जाने की मांग की गई है। ज्ञातव्य है कि अमेठी जनपद की स्थापना वर्ष 2010 में हुई थी किन्तु जनपद के अंतिम छोर पर स्थित यह ब्लाक तमाम प्रयास के बावजूद परिवहन सेवा से वंचित ही रहा। नोडल अधिकारी ने इसे संज्ञान लेते हुए परिवहन सेवा संचालित कराने का आश्वासन दिया इस अवसर पर सीडीओ सूरज पटेल, डीडीओ वीरभानु सिंह आदि मौजूद रहे।

# बाजार शुक्ल थाना अध्यक्ष निलंबित

**अमेठी अमृत विचार ।** बाजार शुक्ल थाना क्षेत्र में एक मामले को लेकर परिजनों द्वारा की गई शिकायत को नजरअंदाज करना थानाध्यक्ष को भारी पड़ गया। एफआईआर दर्ज न करने एवं विधिक कार्यवाही में लापरवाही बरतने के आरोप में थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा को एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

मामला तब गंभीर हुआ जब शुक्रवार को मृतक के परिजनों ने शव को थाने के सामने रखकर जोरदार प्रदर्शन किया। लोगों ने पुलिस प्रशासन पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की। मामला तूल पकड़ता देख पुलिस अधीक्षक एसपी ने इसका संज्ञान लिया और मामले की जांच एएसपी शैलेन्द्र कुमार सिंह को सौंपी।जांच में थानाध्यक्ष की लापरवाही की पुष्टि होने पर एसपी ने तत्काल प्रभाव से दया शंकर मिश्रा को निलंबित कर दिया। एसपी ने स्पष्ट किया कि जनता की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## श्री श्याम बाबा की रथ-निशान यात्रा में उमड़ा सैलाब

**शुकुल बाजार, अमेठी अमृत विचार।** शनिवार को शुकुल बाजार के गुड़ाही कटरा क्षेत्र में आस्था और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला, जब श्री श्याम बाबा की भव्य रथ-निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा कटरा चौराहा से आरंभ होकर अंबेडकर चौराहा, हनुमान मंदिर होते हुए शिव पार्वती धर्मशाला तक निकाली गई। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा की। श्री श्याम परिवार के प्रमुख सदस्य प्रिंस कसौधन ,शिवम, सुमित, ध्रुव, राम जी, सौरभ गुप्ता, रिंकू गुप्ता, हनुमंत लाल, मुन्ना, मनीष, सर्वेश गुप्ता,सौरभ, श्रवण कुमार, विजय एवं शुभम कसौधन जगदीश पाल मौजूद रहे।


रथ-निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु ।

## सार-संक्षेप

### बीईओ बछरावां शिव सिंह हुए सेवानिवृत्त


सेवानिवृत बीईओ शिव सिंह को सम्मानित करते संगठन के पदाधिकारी और शिक्षकगण।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों और बच्चों को संवारने में और प्रशासनिक कार्यों को 28 साल तक सेवा देने वाले खंड शिक्षाधिकारी (बीईओ) शिव सिंह शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति के अवसर पर शनिवार को उनका सम्मान समारोह बीआरसी कार्यालय में निरीक्षक संघ की तरफ से किया गया। बीईओ शिव सिंह के कार्यों की तारीफ करते हुए निरीक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र कनौजिया ने कहा कि सदैव ही अपने कार्य के प्रति समर्पित रहते थे। उनके कार्य करने की शैली और भाषा अंदाज दूसरों से जुदा रहता था। हमेशा मुस्कराते रहने की अदा ही आपको अलग बनाती है। बीईओ वीरेंद्र नाथ द्विवेदी ने कहा विभाग के लिए शिव सिंह ने 28 सालों के कार्यकाल में अनेक नवाचार किए है। बीईओ बृजलाल ने कहा कि शिव सिंह विभाग के साथ ही हम लोगों के संघर्ष में शिव सिंह जी का बहुत बड़ा योगदान रहा। जिले में कुछ महीनों तक विकासखंड को बहुत ही बेहतर से चलाया। निपुण मिशन में शिक्षण सत्र 2024-25 में बछरावां ब्लॉक को नंबर एक पर रखा था। बीईओ राजीव ओझा ने कहा सर का अनुभव कई बार हमें भी काम आया। बीईओ रामनिलन यादव ने कहा कि शिक्षकों के लिए उन्होंने जिस तरह से काम किया, उसकी जितनी भी तारीफ की जाए कम है। कार्यक्रम के संयोजक व संचालन कर रहे बीईओ रोहनिया डॉ. सत्यप्रकाश यादव ने किया। इस मौके पर बीईओ शिव सिंह की धर्मपत्नी रामकुमारी, शाहजहांपुर के बीईओ अरविंद कुशवाहा, मुकेश कुमार, सत्यप्रकाश, विजय कुमार, अरविंद सिंह, धर्मप्रकाश, नंदलाल रजक, सुरेंद्र प्रताप, कार्यालय अधीक्षक श्रीचंद बाजपेई, मीना, शिक्षक नेता मनीष वर्मा, मृत्युंजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### पुश्तैनी जमीन से जबरन रास्ता निकालने का आरोप

**जगतपुर, रायबरेली।** महिला ने गांव की ही दो लोगों पर पुश्तैनी जमीन से जबरन रास्ता निकालने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। शनिवार को जगतपुर थाना क्षेत्र के पारी गांव की रहने वाली शानमती निर्मल ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनका पुस्तैनी घर खड़हर में तब्दील हो गया है। जिससे गांव के दो लोग जबरन रास्ता निकल रहे हैं। वहीं विरोध करने पर गाली गलौज हुआ मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। थानेदार अजय राय का कहना है कि मामले की जानकारी नहीं है।

### रास्ते को लेकर दो पक्षों में मारपीट , आधा दर्जन घायल

**सतांव, रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के बटउवा मजरे केलौली गांव में शनिवार की सुबह करीब 11 बजे रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मारपीट में दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बटउवा गांव निवासी बद्रीप्रसाद और देशराज के मध्य शनिवार की सुबह रास्ते को लेकर विवाद हो रहा था। देखते ही देखते वाद-विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया और जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट में एक पक्ष के बद्रीप्रसाद ( 48 ) पुत्र रामकुमार यादव, निर्मला यादव ( 46 ) पत्नी बद्रीप्रसाद यादव, अतुल यादव ( 26 ) पुत्र बद्री प्रसाद यादव, अभिषेक यादव ( 15 ) पुत्र बद्रीप्रसाद यादव ( 15 ) व द्वितीय पक्ष के मौनश्री ( 52 ) पत्नी देशराज, गायत्री ( 26 ) पुत्री देशराज व श्रवण कुमार ( 24 ) पुत्र देशराज यादव घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी जतुआ टप्पा पहुंचाया गया। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष द्वारा तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर प्राप्त होने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के पास घूम रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया है। तलाशी के दौरान उसके पास से चाकू बरामद हुआ। चौकी इंचार्ज नितिन मलिक ने बताया कि पकड़े गए शमशाद उर्फ मोनू पुत्र जमील अहमद निवासी गहिरी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### पार्क में किया पौधरोपण

रायबरेली, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी ने विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ चन्द्रशेखर आजाद पार्क में पीपल के पौधों को रोपित किया। इस अवसर कमल कुमार सिंह, लालता प्रसाद यादव, रणजीत यादव, रोहित चौधरी, रामशरन यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### सवारियों से भरे ओवरलोड वाहन का वीडियो वायरल

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** शनिवार को सवारियों से भरे ओवरलोड पिकअप का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी के साथ वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में यह साफ तौर पर देखा जा सकता है कि उक्त वाहन में क्षमता के अनुसार अधिक सवारियां भरी हुई है। कुछ लोग तो पिकअप के डाले के ऊपर पैर रखकर भी खड़े हैं और दुर्घटना को दावत देते हुए नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो के संबंध में जब अत्यधिक जानकारी प्राप्त की गई तो पता चला कि यह वायरल वीडियो थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुरूवा गांव के पास का है। वाहन रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रहा है। वाहन चालक को न तो आरटीओ विभाग का खौफ है और न ही होने वाली किसी बड़ी अनहोनी का। यह वायरल वीडियो क्षेत्रीय लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।



पिकअप में सवारियां भरकर फर्राटा भरता चालक।

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, चार कैरेट दूध ले उड़े चोर

**हरचंदपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के गंगागंज में चोरों ने एक दूध की दुकान को निशाना बनाया है। दुकान से चोर चार कैरेट दूध लेकर फरार हो गए। दुकानदार रोहित चौरसिया की दुकान पर यह चौथी चोरी है। दुकानदार ने बताया कि वह पिछले तीन साल से दूध का व्यवसाय कर रहा है। आज सुबह करीब चार बजे चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों की हरकतें कैद हो गई हैं। गुलुपुर चौकी इंचार्ज उपेंद्र भदौरिया का कहना है कि उनके क्षेत्र में ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। हालांकि चोरों का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वनपुरवा में मनाई गई अहिल्याबाई की जयंती

**शुकुल बाजार, अमृत विचार।** शनिवार को क्षेत्र के पाली वनपुरवा में समाजसेवी रामजीत पाल की अगुवाई में पुण्यश्लोक मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अयोध्या प्रसाद पाल ने कहा कि मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की ऐसी महान विभूति थीं जिन्होंने शासन, समाज सेवा और धर्म के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किए। उनका जीवन महिलाओं और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री एवं विधायक सुरेश पासी ने कहा कि क्षेत्र में अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने प्रतिमा स्थापना के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया । कार्यक्रम को डॉ. हिमांशु बघेल, राहुल पाल,जगदीश पाल आदि लोगों ने भी अपने विचार साझा करते हुए मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों को वर्तमान समाज के लिए प्रासंगिक बताया। इस दौरान आयोजक रामजीत पाल द्वारा क्षेत्र में अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा स्थापना का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

# योजनाओं के क्रियान्वयन की जानी हकीकत

संवाददाता, जगदीशपुर अमेठी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की प्रबंध निदेशक एवं शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी सान्या छाबड़ा ने शनिवार को विकासखंड जगदीशपुर का दौरा कर विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर जमीनी हकीकत जानी।

निरीक्षण की शुरुआत उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जगदीशपुर से की, जहां उन्होंने जन सामान्य को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया और उपस्थित चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत कठौरा ग्राम पंचायत भवन पहुंचकर उन्होंने पंचायत सहायक से जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड और फार्मर रजिस्ट्री जैसे कार्यों की जानकारी ली। नोडल अधिकारी ने कठौरा स्थित प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 6 माह के बच्चों को अन्नप्राशन कराते हुए उन्होंने कुपोषण मुक्त समाज की दिशा में प्रयासों को मजबूती दी। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम मलावां के प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन और स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा कर्पूरीपुर में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का लाभ मिल पाने की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# पति की पिटाई से पत्नी की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, सिंहपुर अमेठी


जांच करती पुलिस एवं मौजूद ग्रामीण । अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद अमेठी में तीन दिन पहले मामूली विवाद को लेकर पति ने पत्नी को पीट दिया था। गंभीर रूप से घायल विवाहिता को इलाज के लिए रायबरेली जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ से उसे लखनऊ रिफर कर दिया गया जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शनिवार को सुबह परिजन शव लेकर गांव पहुँचे जिसके बाद पिता ने पति पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित तहरीर दी है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले कि जांच शुरू कर दी है।

यह पूरा मामला मोहनगंज थाना क्षेत्र के बाबा का पुरवा मजरे फूला गांव का है जहां पड़ोस के थाना क्षेत्र इन्हौना के राजा फतेहपुर गांव के रहने वाले काशीराम ने अपनी बेटी राम कुमारी की शादी करीब 6 महीना पहले रामनारायण के साथ की थी। शादी के कुछ दिन बाद तक सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा लेकिन धीरे-धीरे पति के व्यवहार में बदलाव आता गया। आरोप है कि पत्नी को दहेज के लिए मारपीट कर प्रताड़ित करने लगा। 27 मई को पति राम नारायण ने पत्नी का गला दबाकर उसे जमकर पीटा। घटना की जानकारी मिलने के बाद राम कुमारी के पिता और उसके परिजन मौके पर पहुंचे और बेटी को इलाज के लिए रायबरेली जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ से उसे डॉक्टरों द्वारा गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहां दो दिनों तक इलाज चलता रहा लेकिन 30 मई दिन शुक्रवार की देर रात्रि को राम कुमारी की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन शव को लेकर आज सुबह गांव पहुंचे। वहीं मृतका के पिता ने थाने में लिखित तहरीर देते हुए पति पर दहेज व हत्या का आरोप लगाया है।फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष मोहनगंज राकेश सिंह ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पिता की तहरीर पर दहेज व हत्या का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# अहिल्याबाई ने कराया था मंदिरों का जीर्णोद्धार

अमेठी, गौरीगंज


कार्यक्रम में मौजूद भाजपा के कार्यकर्ता । अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती पर शनिवार को गोष्ठी एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संत बख्श सिंह मौजूद रहे। संत बख्श सिंह ने बताया कि अहिल्याबाई ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक टूटे हुए मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। काशी और अयोध्या जैसे तीर्थ स्थलों पर उनके द्वारा कराए गए निर्माण कार्य आज भी उनकी विरासत को दर्शाते हैं। भाजपा प्रवक्ता चंद्रमौलि सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में अभिनव और श्रेया को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव, राम प्रसाद मिश्रा, प्रवीण सिंह, आशा बाजपेई, अभिषेक कौशिक, राहुल, उमेश सिंह, प्रभात शुक्ला सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।


अहिल्या बाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी। अमृत विचार

## कांग्रेसियों ने अहिल्याबाई को किया याद

**गौरीगंज,अमेठी ,अमृत विचार।** गौरीगंज स्थित कांग्रेस केंद्रीय कार्यालय के राजीव गांधी सभागार में अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने उन्हें महिला सशक्तिकरण, समाज सुधार और आर्थिक समानता की प्रतीक बताया। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने अहिल्याबाई को पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान मनीषा चौहान, अनिल सिंह, शत्रुघ्न सिंह, डॉ. संजय सिंह, अर्जुन पासी, गीता सिंह, विकास यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेडिकल स्टोर की जांच में मिली अनियमितता, जारी होगी नोटिस

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** मुराई बाग कस्बे में एक्सपायरी डेट की दवा एक मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा बेचे जाने के मामले में वायरल वीडियो की जांच शुरू हो गई है। ड्रग्स इंस्पेक्टर शिवेंद्र सिंह ने मेडिकल स्टोर पर पहुंच कर अभिलेखों की जांच की। इस दौरान दौरान कई खामियां मिलीं। एंटीबायोटिक दवाओं का रखरखाव सही नहीं पाया गया। दवाओं के एक्सपायरी डेट होने की जानकारी भी मेडिकल स्टोर संचालक नहीं दे पाए। ड्रग्स इंस्पेक्टर द्वारा लगभग दो घंटे मेडिकल स्टोर की जांच की गई। उन्होंने बताया कि मौके पर जांच के दौरान कोई एक्सपायरी डेट की दवा नहीं मिली। लेकिन संचालक द्वारा अभिलेखों का रखरखाव सही नहीं पाया गया, जिससे कौन सी दवा कब एक्सपायर होगी इसकी जानकारी नहीं मिली। संचालक को नोटिस जारी कर सस्पेंशन की कार्यवाही की जाएगी।


मेडिकल स्टोर पर एक्सपायरी दवा बेचने का वीडियो वायरल

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली

अमृत विचार में 30 मई को प्रकाशित खबर

# मोबाइल नेटवर्क से उपभोक्ता परेशान, जिम्मेदार मौन

महराजगंज रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र में लगे मोबाइल नेटवर्क के टावर सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। इससे बीएसएनएल ही नहीं निजी कंपनियां भी अछूती नहीं हैं। आलम यह है कि क्षेत्र में लगे टावरों के नीचे खड़े होने के बाद भी लोग अपनों से बात करने के लिए परेशान हो रहे हैं। जिससे लोग कंपनियों का महंगा रिचार्ज कराने के बाद भी नेटवर्क की समस्या के कारण खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। क्षेत्र के बहादुर नगर, मोहब्बत नगर, बघैल, खैरहना पहरेमऊ, असर्फाबाद, ओया, बैखरा सहित एक दर्जन से अधिक गांवों के उपभोक्ताओं ने बीएसएनएल के खराब नेटवर्क के कारण निजी कंपनियों का नेटवर्क चुना था। लेकिन अब लोग निजी मोबाइल कंपनियों की सेवा से भी तंग आ रहे हैं। खराब नेटवर्क की वजह से अपनों से बात करने के लिए लोगों को कभी घर से बाहर तो कभी मकान की छत पर जाना पड़ता है। कई बार जहां लोगों को अपनी ही आवाज सुनाई पड़ती है, तो कई बार आवाज ही नहीं आती। वहीं बात करें इंटरनेट की तो छोटी सी तस्वीर को भी डाउनलोड होने में भी काफी समय लगता है। क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में नेटवर्क की समस्या हमेशा बनी रहती है। इस समस्या से आमजन ही नहीं बैंकिंग, सीएससी सेंटर के लोग भी जूझ रहे हैं। इसके बावजूद समस्या का समाधान न होने से उपभोक्ताओं में आक्रोश पनप रहा है। उपभोक्ता विजय राज सिंह, संतोष कुमार, पुत्तन साहू, इमरान, सर्वेश यादव, राजू, राजेश यादव आदि ने बताया कि क्षेत्र में प्राइवेट कंपनियों के टावर आसपास के गांव में लगे होने के बाद भी मोबाइल में नेटवर्क नहीं रहता। कंपनियों के महंगे रिचार्ज कराने के बाद मोबाइल में नेटवर्क न होने से इंटरनेट की तो बात ही छोड़िए लोग अपनों से बात करने को तरस रहे हैं। बिजली के भरोसे चल रहे इन टावरों पर पावरकट होते ही बंद हो जाते हैं। अधिकांश टावरों को डीजल मिलता ही नहीं मिलता भी है तो टावरों पर नियुक्त आपरेटर व टेक्नीशियन डीजल बेंच कर खुद की जेब भर रहे हैं।



# विकास कार्यों की मांगी सूचना

**महराजगंज, रायबरेली।** शासकीय अधिवक्ता एवं पूरे गरीब मजरे अतरेहटा गांव निवासी राजेश मौर्या ने ग्राम पंचायत अतरेहटा में वर्तमान ग्राम प्रधान के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यो पर जनसूचना अधिकार अधिनियम के तहत चार बिंदुओं पर सूचना मांगी है। उन्होंने बताया कि जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत ग्राम पंचायत अतरेहटा में चार बिंदुओं पर सूचना मांगी है। इसमें 01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2025 तक ह्यूम पाईप खरीद में खर्च की गई धनराशि, संख्या व ह्यूम पाईप किन किन स्थानों पर लगी है, ग्राम पंचायत में मनरेगा से कराये गये कार्य, व्यय धनराशि की जानकारी, राज्य वित्त मे आई धनराशि व किन कामों पर कितनी धनराशि खर्च करने और इंडिया मार्का हैंडपंपों की संख्या व हैंडपंपों की मरम्मत के नाम पर खर्च की गई धनराशि का विवरण मांगा है।

# ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** दहेज की मांग को लेकर कोतवाली पुलिस ने महिला के पति व ससुर समेत चार ससुरालीजनों पर दहेज प्रताड़ना सहित संबंधित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

घटना कोतवाली क्षेत्र के रामकोला मजरे कोटवा मोहम्मदाबाद गांव की है। क्षेत्र के कपूर पुर मजरे जमुरावां गांव निवासी निशा पुत्री केतार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी चार वर्ष पूर्व रामकोला गांव निवासी बृजेश पुत्र श्याम से हुई थी। जिससे दो वर्ष की एक बच्ची है तथा वह पांच माह से गर्भवती है। शादी में उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य अनुसार दान दहेज दिया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसके पति, ससुर श्याम, देवर, जेठ सुब्बू व राम अवध दहेज का उलाहना देकर मारपीट करते थे। आरोप है कि शुक्रवार को दो लाख रुपए व मोटर साइकिल की मांग को लेकर उसके ससुर, पति व देवर, जेठ ने मारपीट कर महिला को घायल कर दिया। ससुरालीजनों पर घटना की बावत किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी देने का भी ओराप लगाया गया है। पीड़िता ने पड़ोसी से फोन लेकर अपने पिता को घटना की जानकारी दी। पिता के साथ कोतवाली पहुंची महिला ने तहरीर देकर ससुरालीजनों पर मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि महिला का मेडिकल परीक्षण कराने के साथ ही चार के खिलाफ दहेज प्रताड़ना व अन्य संबंधित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# देश में 27 करोड़ लोग तंबाकू का करते है सेवन: प्रो. डॉ. भोलानाथ



एम्स में आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार में बात रखते वक्ता। अमृत विचार




विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर आयोजित हस्ताक्षर अभियान में शामिल चिकित्सक व कर्मी।

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शनिवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सामुदायिक चिकित्सा विभाग ने एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया। अधिशासी निदेशक मेजर जनरल डा. विभा दत्ता और डीन प्रो. डॉ. नीरज कुमारी के मार्गदर्शन में आयोजित वेबिनार में राजस्थान कैंसर फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. राजेश गुप्ता, वाइटल स्ट्रेटजी के तकनीकी सलाहकार डॉ. शिवम कपूर व डॉ. आरजे सिंह और डब्ल्यूएचओ तंबाकू नियंत्रण कार्यालय से डॉ. वेदा वीपीके समेत अन्य विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डा. भोलानाथ ने वेबिनार की शुरुआत कर किया। प्रो. ने कहा कि भारत में लगभग 27 करोड़ लोग विभिन्न रूपों में तंबाकू का सेवन करते हैं। प्रतिवर्ष लगभग 13.5 लाख लोग तम्बाकू के सेवन से मौत हो जाती है। लगभग 35 प्रतिशत वयस्क तंबाकू सेवन करते हैं, जिसमें से 42 प्रतिशत पुरुष और 14 प्रतिशत महिलाएं तंबाकू का सेवन करतीं हैं। लोग तंबाकू सेवन पर प्रतिवर्ष लगभग एक लाख 77 हजार करोड़ रुपये खर्च करते हैं। जिसमें से अधिकतर निम्न आय वर्ग के लोग है। उन्होंने एम्स में अगले वर्ष 30 जनवरी 2026 से 01 फरवरी 2026 तक होने वाले तंबाकू या स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय सम्मेलन के बारे में जानकारी दी। वेबिनार के अंत में राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए वेबसाइट और ब्रोशर का उद्घाटन प्रो. शालिनी सिंह निदेशक राष्ट्रीय कैंसर रोकथाम एवं अनुसंधान संस्थान ने किया। प्रो. भोलानाथ ने बताया कि इस वेबिनार के लिए 550 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था। डॉ. सौरभ पॉल, डॉ. आयुषी गोयल, डॉ. हिमांशी ने भी वेबिनार के आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## हस्ताक्षर अभियान और गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर सीएमओ कार्यालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान और गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पाद का सेवन ना करने की शपथ दिलाई गई। सीएमओ डा. नवीन चन्द्रा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में एससीएमओ एवं नोडल अधिकारी डॉ. अरुण कुमार ने जनपद में जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के अन्तर्गत तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों एवं हानियों के बारे में बताया। एसीएमओ द्वारा स्वयं को, अपने परिवार को, कार्यालय परिसर को तम्बाकू मुक्त बनाये रखने की बात कही गई। कार्यशाला में कोटपा अधिनियम 2003 की धारा 4 सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू/धूम्रपान निषेध परिसर के बारे में बताया गया। पूनम यादव, जिला परामर्शदाता, तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा तम्बाकू के सेवन से होने वाली दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि जन–मानस में तम्बाकू का सेवन बहुत अधिक मात्रा में पुरुषों के साथ महिलाओं द्वारा भी किया जा रहा है। तम्बाकू का धुआँ रहित या धुएं के साथ दोनों तरह का उपयोग समाज के लिए हानिकारक है। इस दौरान तंबाकू उत्पादन की बिक्री कर रहे दुकानों पर सचल दल, पुलिस प्रशासन द्वारा छापेमारी करते हुए पांच लोगों पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को उनके तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावो के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर डा. अरविन्द कुमार, डा. शरद कुशवाहा, डीएस अस्थाना जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी, अंजलि सिंह, रिजवाना परवीन, श्रेयजीत श्रीवास्तव, संयम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो गंभीर

### बछरावा क्षेत्र के बांदा - बहराइच राजमार्ग पर हुआ हादसा

संवाददाता, बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बांदा - बहराइच राजमार्ग पर अघौरा गांव के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार करने के चिकित्सक ने हालत गंभीर होने पर सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार की सुबह एक की मौत हो गई है।

गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के कोरिहर निवासी विजय पुत्र सुखलाल (22), रिंकू पुत्र दुख्खीलाल (26) व मोनू पुत्र सुखलाल (15) शुक्रवार की देर रात अघौरा हरचंदपुर मार्ग पर स्थित किसी गांव से निमंत्रण में शामिल होने के पश्चात वापस अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वह हरचंदपुर - अघौरा मार्ग से बांदा - बहराइच राजमार्ग पर पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों के द्वारा तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस में तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया। जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद मौजूद चिकित्सक के द्वारा उनकी हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। शनिवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान घायल रिंकू की मौत हो गई है। इस बाबत थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि कार को कब्जे में ले लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## खड़े रोलर से टकराई बाइक, एक की मौत, साथी घायल

राही, रायबरेली, अमृत विचार। भदोखर थाना क्षेत्र के कैथन का पुरवा के पास सड़क पर खड़े रोलर से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि बाइक चालक गभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने घालय को इलाज के लिए एम्स भेजा। रायबरेली–परशदेपुर रोड़ का डामरीकरण का कार्य चल रहा है। रोलर में खराबी आने के कारण उसे सड़क के किनारे खड़ा कर दिया गया। इसी मध्य बाइक की रोलर से जोरदार टक्कर हो गई, जिससे एसी मकैनिक आकाश सोनकर (19) निवासी खाली शहट, सूरजूपुर कोतवाली नगर की मौके पर ही मौत हो गई। वही बाइक चालक विकाश शुक्ला (20) निवासी जवाहर विहार, मलिकमऊ गभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एम्स में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। एसओ दयानद तिवारी ने बताया कि घायल का इलाज एम्स में चल रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

अटौरा, रायबरेली, अमृत विचार। अटौरा–हरचन्दपुर मार्ग पर पूरे बालादीन गांव के निकट शनिवार की दोपहर एक तेज रफ्तार डंपर ने मोटरसाइकिल सवार युवकों को टक्कर मार दी। घटना के बाद डंपर चालक मौके से डंपर लेकर फरार हो गया। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी जतुवा टप्पा पहुंचाया गया, जहां हालत गम्भीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फुरसतगंज निवासी कुलदीप (22) पुत्र बालकिशन और चिलौला भंगरिया निवासी हरिशंकर (40) पुत्र जगदीश अपनी बाइक से कोटेश्वर निमंत्रण में जा रहे थे। तभी पूरे बालादीन गांव के निकट कोरिहर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों मोटर साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी जतुवा टप्पा पहुंचाया, जहां घायलों की हालत गम्भीर देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## निर्माणाधीन मकान का छज्जा गिरने से बालक की मौत

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। निर्माणाधीन मकान में सेटरिंग लगाने के दौरान छज्जा ढह गया। इससे मलबे की चपेट में आने से बालक की मौत हो गई। घटना के बाद कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गदागंज थाना क्षेत्र के पूरे भून्नू का पुरवा मजरे बांसी रिहायक गांव निवासी सुरेश कुमार का मकान का निर्माण चल रहा है। सेटरिंग लगाने आए सोनू प्रजापति के साथ उसका भांजा कृष्ण कुमार (13) पुत्र शैलेन्द्र निवासी लालगंज भी आया था। बताते है कि सेटरिंग लगाते समय अचानक भरभरा कर छज्जा गिर गया, जिसके नीचे दबने से कृष्ण कुमार आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे गदागंज थाना प्रभारी बालेन्दु गौतम ने बताया कि छज्जे के नीचे दबने से कृष्ण कुमार की मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच कराई जा रही है।

# प्रेमी ने होटल में बुलाकर साथियों के साथ छात्रा से किया दुष्कर्म

संवाददाता, अमावां, रायबरेली

- अश्लील वीडियो बनाकर कर रहे थे ब्लैकमेल, पीड़िता की तहरीर पर एक आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार।** प्रेम प्रसंग में पहले बीएससी की छात्रा को विश्वास में लिया। इसके बाद होटल में बुलाकर दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं अश्लील वीडियो बनाकर उसके साथियों ने भी दुष्कर्म किया। बार-बार ब्लैकमेलिंग से तंग पीड़िता ने पुलिस से घटना की जानकारी दी। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, उसके फरार साथियों की तलाश की जा रही है।

मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की बीएससी की छात्रा शहर की एक कोचिंग में पढ़ाई कर रही थी। इस दौरान चंदापुर थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर गांव के शुभम यादव से उसके प्रेम संबंध हो गए। शुभम के झांसे में आकर छात्रा बीते साल 11 जून को एक होटल में पहुंच गई। आरोप है कि वहां शुभम ने उससे दुराचार किया और अपने साथी सूरज यादव तथा आशीष यादव के अलावा दो अन्य लोगों ने छात्रा के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। आरोपियों ने छात्रा का अश्लील वीडियो भी बना लिया और यौन शोषण के साथ-साथ उसे ब्लैकमेल भी करना शुरू कर दिया। पुलिस को दी गई तहरीर में छात्रा ने बताया कि आरोपियों ने अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देते हुए 50 हजार रुपये भी ऐंठ लिए। मामले में पुलिस ने शुभम यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर राजीव सिंह ने बताया शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# अहिल्याबाई का शासन अनुकरणीय

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष में एक बृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने की। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजय विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी महिला सशक्तिकरण व नागरिक देव भवः की भावना से काम करते हुए विकसित भारत का जो लक्ष्य रखा है उसमें हम सबको योगदान करने की आवश्यकता है।




भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में छात्र को पुरस्कृत करते अतिथि।

मुख्य अतिथि अमित गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार से संघर्षों के बीच अहिल्याबाई ने धर्म और विकास दोनों को प्राथमिकता देते हुए अपने राज्य की जनता की सेवा की वह एक शासन के लिए अनुकरणीय है। जूनियर सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके एक कुशल शासक होने की बात कही। कार्यक्रम के संयोजक जगतपुर ब्लॉक प्रमुख दल बहादुर सिंह, सह संयोजक सुधा अवस्थी, अनूप पांडेय, मुकेश श्रीवास्तव, शिवराम सिंह रहे। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह, जन्मेजय सिंह, विजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, अरविंद श्रीवास्तव, विवेक शुक्ला, प्रीति पांडे, शरद सिंह, अनुज मौर्य, दिनेश त्रिपाठी, शिवेंद्र सिंह, अभिषेक वर्मा, शशिकांत शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता के आंदोलन में हिंदी पत्रकारिता का प्रमुख योगदान: एसडीएम

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता दिवस हर साल 30 मई को मनाया जाता है, जो देश के पहले हिंदी अखबार "उदंत मार्तंड" की शुरुआत की याद में मनाया जाता है। इस अखबार के संपादक कानपुर के पंडित जुगुल किशोर शुक्ल थे। यह दिन न केवल हिंदी पत्रकारिता के इतिहास को याद करने का अवसर है, बल्कि आज के पत्रकारों को उनकी जिम्मेदारियों की भी याद दिलाता है। विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने कहा कि मातृभाषा होने के चलते हिंदी पत्रकारिता ने भारत में स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर सामाजिक सुधारों तक कई आंदोलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख शैलेंद्र अग्निहोत्री ने कहा कि राष्ट्र और लोकतंत्र को जीवंत बनाए रखने में पत्रकारिता का अपना अहम स्थान है। भाजपा नेता सत्यम शुक्ला, अनूप पांडे और जेपी सिंह ने कहा कि अंग्रेजों के जमाने से लेकर आज तक हिंदी पत्रकारिता पीड़ितों के लिए सदैव समाधान का एक प्लेटफार्म रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने भी पत्रकारों को शुभकामनाएं दी। आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि पत्रकारिता में सम्मान लेने के लिए महर्षि नारद की तरह सच्ची और तात्कालिक पत्रकारिता करनी होगी। उन्होंने आए हुए लोगों का अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह से सम्मान किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अशोक त्रिवेदी, मोहम्मद याकूब खान, देवेश अग्निहोत्री, अशोक शुक्ला, अतुल त्रिपाठी, अनंत विजय सिंह, विजय सिंह, अवनीश पांडे, उमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## रेलकोच कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** आधुनिक रेल कोच कारखाने के कर्मचारी और आवासीय कॉलोनी के निवासी मुकेश चंद्र जैसल पुत्र राम जियावन ने कॉलोनी के राहुल गहलोत पुत्र जे. प्रसाद के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने और गालीगलौज करने का मामला पंजीकृत कराया है। लालगंज प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि राहुल गहलोत रेल कोच में अधिकारी है। मुकेश चंद्र का यह भी कहना है कि राहुल के खिलाफ पहले से ही अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## कांग्रेसियों ने मनाई अहिल्या बाई होल्कर की जयंती

रायबरेली, अमृत विचार। महिला सशक्तिकरण की अलख जगाने वाली समाज सुधारक, लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर कांग्रेस जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्राम अंगुरी, ब्लाक हरचन्दपुर में ओम प्रकाश पाल जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग के सयोजकत्व में व कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में उदार शासक अहिल्या बाई होल्कर का जन्मदिन मनाया गया और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर महताब आलम, इन्दल कुमार रावत, धीरज श्रीवास्तव, वीके शुक्ल, सुरेन्द्र विक्रम सिंह, वीरेन्द्र यादव, महेश प्रसाद शर्मा, मो. जफरूल, सुमित्रा रावत, मनोज तिवारी, शिवानंद मौर्या, प्रमोद बाजपेई, आशीष द्विवेदी, सर्वोत्तम मिश्रा, सूर्य कुमार बाजपेई, मुन्ना घोसी, प्रमोद पाण्डेय, मनोज मिश्रा, सै. अरशद अली, हाजी उस्मान, अनिता श्रीवास, अमित मिश्रा, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, अभिनव राय आदि लोग उपस्थित रहे।




अहिल्या बाई की जयंती पर सम्मानित की गईं महिलाएं।

# सड़क पर अतिक्रमण का फैला जाल, हर दिन लग रहा जाम

संवाददाता, बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की ओर से सड़क की पटरियों को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिया गया है। पूरे प्रदेश में लगातार अभियान भी चलाया जा रहा है। वही दूसरी ओर कस्बे के मुख्य चौराहे से लेकर महराजगंज रोड पर स्थित सरकारी अस्पताल तक फल व्यवसाईयों का अतिक्रमण किसी से छिपा नहीं है। इसके चलते प्रतिदिन जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है।



बछरावां कस्बे में सड़क किनारे अतिक्रमण कर लगाई गईं दुकानें। अमृत विचार

इस फैले हुए अतिक्रमण के कारण स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर कस्बे के मुख्य चौराहे से थाने की बाउंड्री एवं सरकारी अस्पताल तक अपना अतिक्रमण फैलाए इन दबंग फल व्यवसाईयों को शासन एवं प्रशासन का भी तनिक खौफ नहीं है। इन अतिक्रमणकारियों के कारण लखनऊ से रायबरेली की ओर जाने वाली रोडवेज की बसें आधी सड़क घेर कर खड़ी हो जाती है, जिससे राहगीरों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। बछरावां में अतिक्रमण का आलम यह है कि हाईवे पर चौराहे से लेकर बछरावां थाने की बाउंड्री तक एक लाइन से राष्ट्रीय राजमार्ग पर आड़ा तिरछा दुकानें लगाकर फल व्यवसाइयों ने मार्ग को अवरुद्ध कर रखा है। इनमें से कुछ दुकानदार तो आए दिन ग्राहकों के साथ थाने पर गेट के सामने ही मारपीट तक कर डालते हैं।

क्षेत्र के स्थानीय लोगों की मांग है कि तत्काल प्रभाव से कठोर कार्रवाई करते हुए कस्बे के मुख्य चौराहे से लेकर थाने की बाउंड्री एवं सरकारी अस्पताल तक व्याप्त इस अवैध अतिक्रमण को हटवाया जाए। स्थानीय पुलिस अपनी थाने की बाउंड्री को भी अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराए, जिससे लोगों का मनोबल न बढ़ने पाये। अब देखना यह है कि बछरावां थाने की पुलिस इन अतिक्रमणकारियो के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई कब तक करती हुई नजर आएगी। या फिर लोगों को इन आक्रमणकारियों के कारण ऐसे ही जाम की समस्या से निरंतर जूझना पड़ेगा।

> नगर पंचायत द्वारा दुकानदारों के लिए एक मानक बनाया गया है। कोई दुकानदार तय किये नगर पंचायत के मानकों को दरकिनार कर यदि सड़क से सटाकर दुकान लगाता है, तो उसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –**रामजी चौधरी**, अध्यक्ष, नगर पंचायत, बछरावां।

## पत्नी की हत्या के प्रयास में पति को सात वर्ष की कैद

**रायबरेली, अमृत विचार।** सेशन जज ने अमेठी जिले के जायस थाना क्षेत्र में करीब दो साल पहले हुए पत्नी की हत्या के प्रयास से जुड़े मामले में आरोपी पति को सात वर्ष की कैद की सजा सुनाई। साथ ही 7000 रुपए अर्थदंड भी लगाया। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज कुमार सिंह ने सुनाया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले डीजीसी (क्रिमिनल) अजय मौर्य के मुताबिक मामले की रिपोर्ट डीह थाना क्षेत्र के पूरे दुबे मजरे दिलावलपुर निवासी अनिल कुमार ने दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार वादी की बहन ऊषा की शादी जायस थाना क्षेत्र के बरंडी का पुरवा मजरे ओदारी निवासी चंद्रपाल के साथ हुई थी। 31 जनवरी 2023 की शाम करीब आठ बजे चंद्रपाल नशे की हालत में अपने घर आया और जान से मारने की नीयत से बहन ऊषा के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। गंभीर हालत में बहन को फुरसतगंज अस्पताल से जिला अस्पताल रायबरेली ले जाया गया, जहां से ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर किया गया। पुलिस ने विवेचना के बाद चंद्रपाल के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर आरोपी पति चंद्रपाल को कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। आरोपी पति घटना के बाद से लगातार जेल में है।

## सार-संक्षेप

### किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार। किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी की मां ने एक युवक पर अपनी नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने एवं गायब करने का आरोप लगाते हुए डलमऊ कोतवाली में तहरीर दी थी। किशोरी के परिजनों के द्वारा युवक को पकड़कर थाने में सुपुर्द किया गया। लेकिन किशोरी का कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश की। दूसरे दिन पुलिस की तत्परता से किशोरी बरामद हुई। पुलिस ने उसका मेडिकल कराया तो दुष्कर्म की धारा बढ़ी। शनिवार को आरोपी मोहित कुमार पुत्र राम प्रताप निवासी सराय लखनी को पुलिस ने न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

### एनसीसी कैडेटों को दिया गया स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का प्रशिक्षण



प्रशिक्षण शिविर में शामिल एनसीसी कैडेट। अमृत विचार

रायबरेली, अमृत विचार। 66 यूपी बटालियन एनसीसी के नेतृत्व एवं निर्देशन में 30 मई से 8 जून 2025 तक चलने वाले संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 215 का आयोजन पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बल्ला महाराजगंज में किया गया। प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन कैम्प कमांडेन्ट कर्नल विक्रमादित्य सिंह पाल द्वारा उद्घाटन सत्र में प्रशिक्षण संबंधी दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेटों को स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, शस्त्र ट्रेनिंग, मैप रीडिंग, आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, निबन्ध, भाषण, वाद विवाद एवं खेल संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर बटालियन के सूबेदार मेजर नरेश कुमार, लेफ्टिनेंट दिनेश कुमार, लेफ्टिनेंट राजनरायन, लेफ्टिनेंट रत्नेश कुमार, लेफ्टिनेंट प्रकाश चन्द्र, लेफ्टिनेंट सौरभ कुमार, सूबेदार जगमोहन, सूबेदार दर्शन सिंह, सूबेदार डब्बल सिंह, नायब सूबेदार संजय सिंह, नायब सूबेदार देवेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे। संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सीनियर डिवीजन/विंग के कुल 486 कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं।

### वैदिक मंत्रोच्चार से कराई गई महादेव की प्राण प्रतिष्ठा

सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार। क्षेत्र के अंतर्गत जगन्नाथपुर मजरे निसगर गांव में शनिवार को भगवान श्री नर्मदेश्वर (तितलेश्वर) महादेव की प्राण प्रतिष्ठा आचार्य सीताराम दीक्षित, शिवरूप दीक्षित, विनोद शुक्ला, गणेश प्रसाद तिवारी, भूपेंद्र पांडेय, बबलू पंडित व आचार्य अनुज द्विवेदी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि–विधान पूर्वक संपन्न हुई। इसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र भर से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। दूसरे दिन भव्य शोभायात्रा का आयोजन हुआ, जो गांव के विभिन्न देवस्थलों से होती हुई पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में भक्तिमय उत्साह देखा गया। कार्यक्रम स्थल पर आयोजित पारंपरिक पैर पूजन (पैंपुजी) में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। शनिवार को संपन्न भंडारे में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सूर्य नारायण द्विवेदी, नंद किशोर द्विवेदी, गुरु प्रसाद द्विवेदी, पारथ नाथ द्विवेदी, जयशंकर द्विवेदी, शिव शंकर द्विवेदी, रामू द्विवेदी, श्यामू द्विवेदी, मुन्ना द्विवेदी, राजू द्विवेदी, लाला दुबे, काली रतन त्रिपाठी, संजय बाजपेई (फौजी), रामचंद्र सहित समस्त ग्रामीणों का सहयोग सराहनीय रहा।

### किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन



किसान गोष्ठी को संबोधित करते अधिकारी। अमृत विचार

रायबरेली, अमृत विचार। विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद में 135 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम चल रहा है। जिसमें क्रम में आज विकासखंड बछरावां के तीन ग्राम पंचायत सेंहगो पूरब, सरौरा, ग्राम पंचायत में जनपद के नोडल अधिकारी डॉ. योगेश प्रताप सिंह संयुक्त कृषि निदेशक क्वालिटी कंट्रोल द्वारा किसानों को बीज शोधन, मृदा परीक्षण, फसल चक्र, पीएम कुसुम योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, ट्राईकोडर्मा का फील्ड डिमॉन्सट्रेशन के बारे में बताया गया। योजना जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. आरपीएन सिंह ने कार्यक्रम में किसानों को जागरूक किया। इसके अलावां डॉ संजय सिंह, डॉ. ए रहमान व कृषि विभाग के कर्मचारी व किसान उपस्थित रहे।

### पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के कैर नैय्या पुल के पास बीती 26 मई सोमवार को महिला के साथ दुष्कर्म करने के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने दबोचा लिया। आरोपी कटरा मजरे कैर गांव निवासी आरोपी राकेश उर्फ बाबर पुत्र नंद किशोर को कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कैर नैय्या पुल के पास से उपनिरीक्षक रोहित कुमार व आरक्षी उदित राज ने गिरफ्तार किया है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। है।


## कार्यालय उपायुक्त (स्वतः रोजगार), रायबरेली।

पत्रांकः– 142/एन0आर0एल0एम / सूक्ष्म उद्यम सखी चयन / 2025–26 दिनांक–28/05/2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश के कार्यालय पत्रांक–352/4502 / नानफार्म / आजीविका / 2025–26 दिनांक – 30.04.2025 के क्रम में मिशन अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में गैर कृषि उद्यम की स्थापना एवं उनके विकास हेतु जनपद में सूक्ष्म उद्यम सखी का चयन किया जाना है। मिशन द्वारा निर्धारित पंचसूत्रों का पालन करने वाले समूह की महिला सदस्यों से 'सूक्ष्म उद्यम सखी' के पद हेतु निम्न विवरण के अनुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैः–

| मद | अनुभव |
|---|---|
| पद का नाम | सूक्ष्म सद्यम सखी |
| जनपद में रिक्तियों की संख्या | कुल पद– 288 (प्रत्येक कलस्टर में 4 पद) |
| पात्रता | 1. आवेदिका अनिवार्य रूप से पंचसूत्र का पालन करने वाले स्वंय सहायता समूह की सदस्य होनी चाहिए । 2. दिनांक – 30.04.2025 को आवेदिका की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए । 3. आवेदिका कम से कम 12वीं उत्तीर्ण होनी चाहिए 4. आवेदिका को सामान्य अंकगणित का ज्ञान होना चाहिए । 5. आवेदिका के पास एंड्राइड फोन अनिवार्य रूप से होना चाहिए एवं उसे एंड्राइड फोन चलाना आना चाहिए। 6. आवेदिका को समुदाय के साथ संवाद स्थापित करने में सक्षम होना चाहिए । 7. आवेदिका को जनपद एवं जनपद के बाहर कार्य करने, प्रशिक्षण में जाने हेतु इच्छुक होना चाहिए । |
| आवेदन की अंतिम तिथि | 05.06.2025 को अपरान्ह 05:00 बजे तक |
| आवेदन जमा करने का स्थल | संकुल स्तरीय संघ कार्यालय पर |
| कार्य आधारित मानदेय | रू0 2000 से 2800 प्रतिमाह (किये गये कार्य के आधार पर) |
| आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले पत्रालेख | 1. आवेदन–पत्र (संबंधित खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय पर ब्लॉक मिशन प्रबंधक से प्राप्त किये जा सकते है) 2. आधार कार्ड की प्रति 3. कक्षा 10 एवं 12 की अंकतालिका प्रति । |

उक्त से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए ब्लॉक मिशन प्रबधंन इकाई कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है। रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है। अपरिहार्य कारणों में उक्त भर्ती निरस्त/संशोधित करने का पूर्ण अधिकार उपायुक्त (स्वतः रोजगार) का होगा।

(ऋषिपाल सिंह)
उपायुक्त (स्वतः रोजगार)
जनपद रायबरेली।

## एक नजर

### शादी समारोह से चोरी हुई बाइक मंदिर के पास मिली

**माधौगंज, हरदोई।** शादी समारोह से चोरी हुई बाइक पुलिस ने बरामद कर पीड़ित को सौंप दी है। थाने के सराय ऊद निवासी संजय शुक्रवार को थाने के फजलपुरवा शादी समारोह में शामिल होने बाइक से गया था। उसने बाइक बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास खड़ी कर दी, वहीं से वह चोरी हो गई। संजय की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी, शनिवार को करीब 12 घंटे बाद एक बाइक वहां से करीब दो किलोमीटर दूर हसनापुर गांव के मंदिर के पास से बाइक बरामद की गई है।

### पुत्री की ससुराल में वृद्ध मां की संदिग्ध हालात में मौत

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** मंगलवार को अतरौली के छतिहा गांव से संडीला के सोलिहामऊ गांव को पुत्री के यहां गई वृद्धा की शुक्रवार की रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई। छतिहा गांव निवासी सतीश ने बताया कि बीते मंगलवार को मां मुन्नी देवी (75) सोलिहामऊ निवासी बहन नीलू के यहां गई हुई थी। शुक्रवार की रात बहनोई रामचंद्र ने बताया कि मां की मौत हो गई है। शुक्रवार की भोर ही शव लेकर घर आया तो देखा सिर के पीछे व पीठ पर चोट के निशान मिले हैं। प्रभारी निरीक्षक मारकंडेय सिंह ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। अग्रिम कार्रवाई पीएम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

### चोरों ने बंद मकान से जेवर और नकदी उड़ाई

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला मैदानपुरा में शुक्रवार की देर रात चोरी की वारदात हुई। चोरों ने रोहित राठौर के मकान को निशाना बनाया। चोर मकान के गेट का ताला और जाली तोड़कर अंदर घुसे। घटना के समय मकान मालिक रोहित राठौर और उनका परिवार रिश्तेदारी में गया हुआ था। चोरों ने अलमारी से जेवरात और नकदी चुरा ली। इतना ही नहीं, चोरों ने पास में रखा बक्सा भी तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि चोरी का जल्द खुलासा किया जाएगा।

# जहां हो रहा था दुल्हन का इंतजार, वहां रुलाने लगी लोगों की चीत्कार

## मझिला थाना क्षेत्र में बारातियों की कार खाई में गिरने से छह की मौत, मृतकों में दूल्हे के दो चचेरे भाई, भतीजा व बहनोई भी शामिल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** घर में नई नवेली दुल्हन आने की खुशियों में पूरा परिवार आनंद में था। दूल्हे की बहन जहां नई भाभी के आने की खुशी से उत्साहित थी तो वहीं दूल्हे की भाभी नई देवरानी के घर में कदम रखने के पल का बेसब्री से इंतजार कर रही थी, लेकिन एक हादसे ने दूल्हे की बहन व भाभी के अरमानों पर पानी फेर दिया। दुल्हन के आने से पहले उनके पतियों की मौत की खबर आ गई। जिसके बाद खुशियां चीख-पुकार व मातम में बदल गईं।

यह घटना पाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला पटियानीम में घटित हुई। यहां के निवासी नीरज पुत्र रामसेवक की बारात शुक्रवार को मझिला थाने के कुसुमा गांव गई थी। जहां से लौटते समय शनिवार की सुबह करीब 4 बजे मझिला थाने के भुप्पापुरवा मोड़ पर बारातियों से भरी कार बेकाबू होकर खाईं में पलट गई।

शुक्रवार की शाम दूल्हा नीरज सज-धजकर बारातियों को लेकर बाजा-डीजे के साथ दुल्हन के द्वार पर पहुंचा। बारात विदा होने के बाद दूल्हे के घर में मंगल गीत गाए जाने लगे। ननद-भाभी की हंसी-ठिठोली के बीच घर में नए सदस्य के आने की खुशी में परिजनों को नींद नहीं आ रही थी। उधर बारात भी दुल्हन के दरवाजे पर पहुंच गई। स्वागत सत्कार के बाद बारातियों ने नाश्ता व भोजन किया। जयमाल के बाद विवाह रस्में होने लगीं। इधर बाराती लौटने लगे। इसी के साथ विवाह की खुशियां चीख-पुकार और मातम में बदलने का समय भी आ गया। शनिवार की भोर पहर एक कार पर सवार होकर लौटते समय दूल्हे के दो चचेरे भाइयों व बहनोई समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की इस मनहूस खबर के पहुंचते ही दूल्हा व दुल्हन के घरों में शहनाई और खुशियों के बीच चीख पुकार मच गई। दोनों ओर से लोग चीखते चिल्लाते घटनास्थल की ओर भागे। इसे अनहोनी का सूचक कहें या फिर महज इत्तेफाक की जब हादसे की खबर दूल्हे के घर में मची चीख पुकार के बीच दरवाजे पर दरवाजे पर लगाया गया तोरण टूट गया। लोग तोरण के टूटने को अनहोनी का सूचक बता रहे हैं। शादी की खुशियों के अब वहां मातम का शोर गूंज रहा था।


हादसे के बाद घर में गमगीन मृतकों के परिजन। अमृत विचार


दरवाजे पर लटका टूटा हुआ तोरण। अमृत विचार


रोती-बिलखती आकाश की पत्नी काजल। फोटो : अमृत विचार

### जल्दबाजी में जान गंवा बैठे कार सवार

**हरदोई, अमृत विचार।** हादसे में जान गंवाने वाले दूल्हे के चचेरे भाई जितेंद्र और आकाश अपनी चार बहनों में दो ही भाई थे। दोनों मेहनत-मजदूरी कर पिता रघुवीर का सहारा बने हुए थे। लेकिन घर लौटने की जल्दबाजी में जान की बाजी लगा बैठे और हार गए। लोगों कहना है कि काश यह सभी बारात के साथ लौटते तो शायद यह दर्दनाक हादसा टक जाता। रघुवीर ने रोते हुए बताया कि उसके दोनों बेटे अपने चचेरे भाई नीरज की शादी को लेकर काफी खुश थे। चार बहनों में से तीन की शादी हो चुकी है। लेकिन दोनों बेटों की मौत ने बुजुर्ग रघुवीर पर मुसीबतों का पहाड़ गिरा दिया है। हादसे में रघुवीर के दामाद जौहरी की भी मौत हो गई है। उसकी आंखों के सामने दो बहुओं और एक बेटी बेवा हो गई। इस दर्दनाक हादसे ने परिवार को तोड़कर रख दिया है।


पोस्टमार्टम हाउस पर परिजनों से जानकारी लेते डीएम व एसपी।

### शादी के छह महीने बाद ही उजड़ गया काजल का सुहाग

**हरदोई, अमृत विचार।** हादसा का शिकार हुए आकाश की शादी 6 महीने पहले 2 दिसंबर 2024 को पाली कस्बे के बिरहाना की काजल के साथ हुई थी। चूंकि चचेरे देवर की शादी थी, सो काजल भी सज-धज कर तैयार हुई। दोनों हाथों में मेंहदी लगी हुई थी, मांग में सिंदूर दमक रहा था, लेकिन काजल को क्या पता था कि पलक झपकते ही उसका सुहाग उजड़ जाएगा। उसकी खिलखिलाती दुनिया इस तरह से वीरान हो जाएगी। हादसे की खबर आने से पहले काजल से हर कोई हंसी-ठिठोली कर रहा था, लेकिन अचानक आई एक खबर ने ख्वाब के साथ उसकी सारी ख्वाहिशें हमेशा-हमेशा के लिए छीन लीं।

### हादसे में रघुवीर की उजड़ गई पूरी दुनिया

**हरदोई, अमृत विचार।** हादसे में दूल्हे के चाचा रघुवीर की दुनिया ही उजड़ गई। इस हादसे में रघुवीर के दो बेटे जितेन्द्र (25) और आकाश (22), नाती सिद्धार्थ (5) पुत्र जितेंद्र और पाली थाने के किलकिली मजरा बेझा निवासी दामाद जौहरी (35) की मौत हो गई। हादसे की खबर सुनते ही जितेंद्र की पत्नी नन्ही देवी बेहोश होकर गिर पड़ी। जितेंद्र की एक बेटी काव्या है। जितेंद्र की बहन ममता का भी सुहाग उजड़ गया। जौहरी के दो बेटे व दो बेटियां हैं। हादसे में मारे गए कार चालक रामू राठौर उर्फ अरुण (30) की पत्नी सरिता व इकलौता बेटा आदित्य है। दो भाई राजवीर और श्यामवीर उससे बड़े हैं, आनंद उससे छोटा है। पिता विश्राम सिंह ने रोते हुए बताया कि हादसे ने उसकी दुनिया ही उजाड़ दी।

### विधायक, डीएम और एसपी ने परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस

**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। वहां उन्होंने मृतकों के परिजनों से जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके अलावा सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू भी हादसे की खबर सुनकर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और मृतकों के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। दो-दो बेटों और इकलौते पोते को खो चुके रघुवीर से मिलकर उसे हिम्मत दी। कार चालक रामू उर्फ अरुण के पिता विश्राम सिंह से बातचीत कर सरकार से हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया।


खाई में गिरी क्षतिग्रस्त कार।

# बंधक बनाकर पीटे गए किशोर की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** किशोर को उसका दोस्त उसे बुलाकर अपने घर ले गया। जहां किशोर को बंधक बनाकर जमकर पीटा गया। किशोर ने घर आकर परिजनों को कुछ नहीं बताया। लेकिन जब दर्द बर्दाश्त से बाहर हो गया तो उसने अपने साथ हुई दरिंदगी की दास्तां कह दी। घर वाले उसे लेकर इलाज के लिए दौड़ पड़े। लेकिन तमाम दौड़-भाग करने के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका शुक्रवार को चौथे दिन उसकी मौत हो गई।

पचदेवरा थाने के डुगांर नगला निवासी गिरीश कुमार का 17 वर्षीय पुत्र अभय अल्हागंज एक मशीनरी स्टोर पर काम करता था। पिता गिरीश कुमार ने बताया कि वह मंगलवार से अभय को दर्द के चलते इधर-उधर भटक रहा था। शुक्रवार को उसे बरेली ले जाया जा रहा था, उसी बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई। गिरीश का कहना है कि अभय ने पहले तो उसे कुछ नहीं बताया, लेकिन कुछ घंटे पहले उसने दर्द से कराहते हुए बताया था कि मंगलवार को उसका दोस्त देव शर्मा उसे अपने घर बुला ले गया था, जहां बंधक बनाकर उसे बेरहमी से पीटा गया, बकौल गिरीश उसने जब अभय के कपड़े हटाए तो उसकी आंखे फटी की फटी रह गई, उसकी पीठ पूरी लाल पड़ी थी, पेट के अलावा नाजुक जगहों पर स्याह निशान उसकी बेरहमी से की गई पिटाई की गवाही दे रहे थे। अभय अपने पिता का इकलौता था, उसकी एक छोटी बहन है। अभय ने शुरुआत से पिटाई करने वाली बात छिपाए रखी, पुलिस को अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देने के बाद कुछ नाम सामने आए है, जिसमें उसका दोस्त, दोस्त के पिता और दूसरे गांव का रिश्तेदार शामिल बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



पिटाई से किशोर की पीठ पर पड़े निशान व अभय की फाइल फोटो।

**जांच-पड़ताल शुरू**

▸▸ घर से बुलाकर ले गया था दोस्त, प्रेम-प्रसंग में घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका

# लखनऊ से लौट रहे शिक्षक की ट्रेन से गिरकर हुई मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शाहजहांपुर में तैनात शिक्षक दोस्तों के साथ लखनऊ गया था। वहां कुछ दिन रुकने के बाद शुक्रवार की रात में नौचंदी एक्सप्रेस से वापस लौट रहा था। रास्ते में ट्रेन से गिरकर मौत हो गई।

शाहजहांपुर ज़िले के कमलनयनपुर थाना कांठ निवासी विवेक सक्सेना (38) प्राथमिक विद्यालय सरदार फार्म कांठ में शिक्षक था। विवेक पूर्वी पट्टी थाना कांठ निवासी अपने दोस्त प्रमोद कुमार, मोहनपुर समरेठपुर निवासी छविनाथ और धर्मवीर के साथ गुरुवार को सैर-सपाटा करने लखनऊ गया था। शुक्रवार की रात सभी दोस्त नौचंदी एक्सप्रेस ट्रेन से शाहजहांपुर पर वापस लौट रहे थे। उसी बीच रास्ते में मसीत और बघौली रेलवे स्टेशन के बीच विवेक सक्सेना ट्रेन से नीचे गिर पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई। दोस्तों ने बताया कि ट्रेन में काफी भीड़ थी, इस वजह से सभी अलग-अलग जहां सीट मिली, वहीं बैठे थे, शाहजहांपुर पहुंचने पर विवेक को फोन किया गया तो उधर से जीआरपी ने हादसे की जानकारी दी। विवेक के परिवार में पत्नी रूपा और एक बेटा व एक बेटी है।



## सार-संक्षेप

### हज़रत लालपीर दादा मियां का उर्स आज से

**गोपामऊ, हरदोई, अमृत विचार।** नगर की मशहूर दरगाह हज़रत मखदूम अईज़ उद्दीन सुर्ख लालपीर दादा मियां रह. का चार दिवसीय सालाना उर्स मेला रविवार से परंपरागत रूप से प्रारंभ हो रहा है। उर्स की शुरुआत शाम को चरागदानी रस्म से होगी, जिसमें अकीदतमंद अपनी मुरादों की पूर्ति पर घी, तेल या मोमबत्ती जलाकर रोशनी करते हैं। रात को सूफियाना रंग में डूबी महफिल-ए-समा (क़व्वाली) का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दूर-दराज़ से आने वाले अकीदतमंद चादरपोशी व गुलपोशी करेंगे। दरगाह कमेटी ने बताया कि इस बार उर्स का आयोजन सिर्फ दरगाह परिसर तक सीमित रहेगा और सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। कमेटी ने तमाम अकीदतमंदों से शांति और अनुशासन के साथ शामिल होने की अपील की है। उर्स मेला हमेशा की तरह रविवार से ही शुरू किया जाता है और यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। आयोजन को लेकर नगर में रूहानी माहौल बना हुआ है।

### नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का आरोप

**बिलग्राम, हरदोई : अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को 28 मई की शाम गांव के निकटवर्ती क्षेत्र का युवक शादी का झांसा देकर भगा ले गया है। बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की तलाश अपने सभी रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गठित की गई है, जल्द ही लड़की को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### श्रीराम ने किया गीधराज जटायु का उद्धार : कथा व्यास

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** बावन ब्लाक के हसनापुर गांव चल रहे में श्रीमदभागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास संजय मिश्रा ने जटायु के साहस के प्रसंग पर चर्चा की। कथा में बताया गया कि जब राम और लक्ष्मण सीता जी की खोज में वन में भटक रहे थे, तब उनकी मुलाकात जटायु से हुई। जटायु एक वृद्ध और घायल गिद्ध था, जो अपनी अंतिम सांसें ले रहा था। जटायु ने राम और लक्ष्मण को बताया कि उसने सीता जी का अपहरण करने वाले रावण को देखा था। जटायु ने बताया कि उसने रावण को रोकने की कोशिश की थी, लेकिन वह बहुत शक्तिशाली था और उसे घायल कर दिया, राम और लक्ष्मण ने जटायु की बात सुनी और उन्हें बहुत दुख हुआ। उन्होंने जटायु को आश्वस्त किया कि वे सीता जी को ढूंढकर वापस लाएंगे और रावण को सजा देंगे। इस बीच प्रधान राकेश शुक्ला, सत्येन्द्र शुक्ला, अंकुर शुक्ला, श्यामू शुक्ला, विनीत कुमार, राम रहीश पाल, दिलीप पाल सहित अन्य बहुत से भक्त शामिल हुए।

### संदिग्ध हालात में युवक लापता, परिजन बेहाल

**हरदोई, अमृत विचार।** खाना खाकर घर से बाहर निकला व्यक्ति अचानक कहीं गायब हो गया। काफी खोजबीन होने के बाद पता न चलने पर परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज करा दी। थाना शहर कोतवाली के विभूति नगर निवासी 33 वर्षीय प्रभात दीक्षित गुरुवार की दोपहर खाना खाने के बाद घर से बाहर निकले। इसके बाद उनका कोई पता नहीं चला। उनके परिजनों ने बताया कि दोपहर खाना खाने के बाद वह घर के बाहर टहल रहे थे, इसके बाद जब काफी देर तक वह वापस नहीं आए, तब उनकी खोजबीन शुरू हुई। काफी प्रयास के बाद भी पता न चलने पर प्रभात की पत्नी ने पुलिस ने सूचना दर्ज करा दी। उधर प्रभात के मासूम बच्चों व घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। अचानक उनके गायब हो जाने से तरह-तरह के अटकलें लगाई जा रही है। घर वाले किसी अनहोनी की आशंका से काफी सहमे हुए हैं।


लापता प्रभात दीक्षित।

### जिले के पीसीएस बलराम बने सिद्धार्थ नगर के सीडीओ

**संवाददाता, माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड की ग्राम पंचायत क्योटी ख्वाजगीपुर के मजरा सेखवापुर पूर्वी के निवासी स्व. कन्नौजी लाल के सुपुत्र बलराम सिंह का वर्ष 2008 में पीसीएस में चयन हुआ था। वर्तमान समय में वह मेरठ में एडीएम प्रशासन के पद पर कार्य कररहे हैं। शासन की ओर से शुक्रवार को बलराम सिंह को पीसीएस से प्रोन्नति देकर आईएएस संवर्ग प्रदान किया है। इसी क्रम में उनका स्थानांतरण सिद्धार्थनगर कर दिया और मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया। खबर जब क्षेत्रवासियों को मिली तो खुशी की लहर दौड़ गई। व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री नवल महेश्वरी, पूर्व प्रधान के पी सिंह, समाजसेवी डॉ. नीरज गुप्ता, राजेश वर्मा, प्रदीप कुमार, सुधीर गंगवार ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### कन्नौज के दो शातिर चोर गिरफ्तार, नकदी बरामद

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** रास्ते में आ रहे एक व्यक्ति की दो अज्ञात लोगों ने जेब काट ली। मुकदमा दर्ज होने पर सक्रियता दिखाते हुए पुलिस ने चुराई गई नकदी सहित दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। कन्नौज में रहने वाले दोनों आरोपियों के ऊपर कई मुकदमे दर्ज हैं। थाना मल्लावां के भुड्डनपुरवा निवासी रामसनेही की जेब से गुरुवार को मोटर साइकिल सवार दो लोगों ने जेब काट कर 20 हजार रुपये चुरा लिए। घटना की प्राथमिकता शहर कोतवाली में दर्ज कराई गई। पुलिस ने अंकुल तथा सेंकी निवासी कुतलूपुर, मकननगर थाना कन्नौज को गिरफ्तार कर लिया, जिनके पास से चुराए गए 20 हजार रुपये भी बरामद कर लिए।


विश्व तम्बाकू निषेध दिवस शपथ लेते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### तंबाकू का उपयोग न करने के लिए दिलाई गई शपथ

**हरदोई, अमृत विचार।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जिला तम्बाकू नियंत्रण सेल द्वारा जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, एसएस इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल, मेडिकल कालेज, जिला पुरूष चिकित्सालय/जिला महिला चिकित्सालय, 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय एवं समस्त सामु./प्रा.स्वा. केन्द्र, समस्त अरबन प्रा.स्वा. केन्द्रों पर मनाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय व सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर, एसएस इंस्टिट्यूट के छात्र/छात्राओं को हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर कराकर तम्बाकू का उपयोग न करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी धीरेन्द्र कुमार सिंह, डा. पंकज मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

# अमन का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं धर्मगुरु

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बकरीद व अन्य त्योहारों को लेकर शनिवार को विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने जनपद के धर्मगुरुओं से संवाद किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि कुर्बानी के बाद अवशेष को इधर उधर न फेकें। बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली के लटकते हुए तारों को ठीक किया जाये। नगर निकायों में पेयजल की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। सफाई की उचित व्यवस्था की जाये। मस्जिदों में 65 डेसिबल से अधिक आवाज न रखी जाये। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर सेवाओं को निर्बाध रखा जाये। सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी न दी जाये। अफवाहों से सभी लोग सावधान रहें। धर्म गुरु समाज में गंगा जमुनी तहजीब बनाये रखने में अपना सहयोग करें। अमन का सन्देश जन-जन तक पहुंचाएं। मजिस्ट्रेट व पुलिस क्षेत्राधिकारी संयुक्त रूप से क्षेत्रों में भ्रमण करें। एसपी नीरज कुमार जादौन ने कहा कि सभी लोग सौहार्दपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाएं। किसी घटना की दशा में पुलिस के नंबरों पर तत्काल फोन करें। नमाज के दौरान शासन के निर्देशों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाये।


धर्मगुरुओं से संवाद करते डीएम-एसपी। अमृत विचार

**आस्था** ज्येष्ठ माह के शनिवार को शहर में कई जगह हुआ भंडारे का आयोजन

# खुश होंगे हनुमान राम-राम किए जा...

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह चल रहा है। शनिवार को शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक जगह-जगह हनुमान जी के भक्त गणों ने शरबत वितरण, बूंदी वितरण और भंडारों का आयोजन किया।

सुबह से ही भंडारी की तैयारी शुरू हो गई दोपहर से भंडारे प्रारंभ हो गए जो शाम तक चलते रहे। इस दौरान हनुमान जी के भजन, श्री राम जी के भजनों की धुनों पर लोग झूमते हुए दिखे। इसी कड़ी में शनिवार को शहर के कैनाल रोड स्थित फायर ब्रिगेड व रेलवेगंज स्थित आरएन ज्वैलर्स में भी भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें कहीं पूड़ी-सब्जी व तो कहीं सब्जी-चावल का वितरण किया गया। भंडारे के शुभारंभ से पूर्व भक्तगणों ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना की, आरती उतारी, उसके बाद भंडारे का शुभारंभ हुआ, जो कई घंटे चलता रहा। इस अवसर पर मोहित गुप्ता, रोहित गुप्ता, राजेंद्र, उपदेश कुमार, मनोज कुमार मिश्रा, कुलदीप, मोहन बाजपेई, नवनीत, मनोज गुप्ता, शिवम मिश्रा, अंजू मिश्रा सहित अन्य बहुत से भक्तगण मौजूद रहे। इसी कड़ी में कैनाल रोड पर ही प्रगति नगर के पास शरबत वितरण सचिन, संजय और इंद्रपाल ने किया। उन्होंने राहगीरों को शरबत पिलाया। वहीं शहर के रद्धेपूर्वा रोड पर भी जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। शास्त्री तिराहा पर भी भंडारे का आयोजन किया गया जो पूरी दोपहर तक चलता रहा।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# सर्वे के अनुसार कूड़ा गाड़ियों की उपलब्धता सुनिश्चित हो

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में नगर विकास व डूडा की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के टाइड व अनटाइड फंड में अवशेष धनराशि से विकास कार्य कराये जाये और कार्यों के लिए सभासदों से प्रस्ताव ले लिए जाएं तथा ऐसे प्रस्ताव लिए जाएं जो अन्य किसी योजना से आच्छादित न हो व वार्म व्हाइट लाइटें लगवाई जाएं तथा प्रतिष्ठानों का एक सर्वे करा लिया जाये तथा सर्वे के अनुसार कूड़ा गाड़ियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये, संसाधनों में वृद्धि की जाये। कचरा निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाये।

डीएम ने कहा कि नगर पालिका हरदोई क्षेत्र में प्रत्येक वार्ड के लिए कम से कम एक फॉगिंग मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। अमृत-2 के अंतर्गत कार्यों को तेजी से कराया जाये। सभी नगर निकायों में जीआईएस सर्वे जल्द कराया जाये। बारिश के दौरान जल निकासी की व्यवस्था अभी से कर ली जाये। इसके लिए डिजाइन तैयार कर ली जाये। शाहाबाद व पाली नगर पंचायत में नगर सृजन योजना के अंतर्गत प्रस्ताव तैयार किये जाएं। स्कूलों व आँगनबाड़ी केंद्रों को भी प्रस्ताव में लिया जाये। वंदन योजना के अंतर्गत कार्यों को तेजी से कराया जाए।

